

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे



नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 148 | ग्वालियर शुक्रवार, 17 मार्च 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## एक नजर

### डिप्टी सीएम फडणवीस की पत्नी अमृता फडणवीस को धमकी देने का मामला



महाराष्ट्र में डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस की पत्नी अमृता फडणवीस को ब्लैकमेल करने और धमकी देने के मामले में मुंबई पुलिस ने उल्हासनगर से एक शख्स को हिरासत में लिया है. हिरासत में लिए गए आरोपी से आगे पूछताछ की जा रही है. मुंबई पुलिस ने इस बात की जानकारी दी. पुलिस के मुताबिक, गुरुवार (16 मार्च) को अमृता फडणवीस ने एक डिजानर के खिलाफ पुलिस केस दर्ज कराया. आरोपी ने अमृता फडणवीस को एक क्रिमिनल केस में हस्तक्षेप करने के लिए पैसे देने की कोशिश की और धमकाया. एक अधिकारी के मुताबिक, अमृता फडणवीस की शिकायत पर 20 फरवरी को मालाबार हिल पुलिस स्टेशन में एक महिला के खिलाफ एफआईआऱ दर्ज कराई गई थी. महिला की पहचान अनिष्का के तौर पर की गई थी. एफआईआर के मुताबिक, अनीक्षा पिछले 16 महीने से अमृता फडणवीस के संपर्क में थी और उनके घर पर भी विजिट किया था. अपने बयान में अमृता ने पुलिस को बताया कि उनकी अनीक्षा से पहली मुलाकात नवंबर 2021 में हुई थी. मालाबार हिल पुलिस स्टेशन के अधिकारी ने कहा कि अनीक्षा ने दावा किया कि वह कपड़े, आभूषण और जूते की एक डिजाइनर थी और डिप्टी सीएम की पत्नी से इवेंट्स में पहनने का अनुरोध किया, जिससे उसके प्रोडक्ट्स को प्रमोट करने में मदद मिलेगी. अनीक्षा ने अमृता फडणवीस से यहां तक कहा था कि उसकी मां नहीं है और वह अपने परिवार का आर्थिक बोझ संभालती है. अधिकारी के मुताबिक, अमृता का विश्वास जीतने के बाद अनीक्षा ने उन्हें कुछ सटोरियों के बारे में जानकारी देने का ऑफर किया जिसके जरिए उसने दावा किया कि वे पैसे कमा सकते हैं. अधिकारी ने कहा कि इसके बाद अनीक्षा ने अपने पिता को एक पुलिस मामले से निकलवाने के लिए अमृता को सीधे 1 करोड़ रुपये की पेशकश की.

### संभल में कोल्ड स्टोरेज की छत गिरने से दर्दनाक हादसा



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के संभल के चंदौसी में आज गुरुवार (16 मार्च) को एक कोल्ड स्टोरेज की छत गिरने से दर्दनाक हादसा हुआ. इस हादसे में कई लोग मलबे में दब गए, हादसे के बाद प्रशासन की तरफ से राहत और बचाव कार्य चलाया जा रहा है. इस हादसे को लेकर चंदौसी के एसडीएम रामकेश धामा ने बताया कि माई गांव में इस्लाम नगर रोड स्थित एआर कोल्ड स्टोरेज की छत ढह गई है और मलबे में कुछ लोगों के दबे होने की आशंका है. उन्होंने कहा कि प्रशासन बचाव कार्य में लगा हुआ है.

### उदयपुर में लगा है छोटी गणगौर का मेला महिलाओं ने खरीदी शिव-पार्वती की सुंदर मुर्तियां



राजस्थान का मेवाड़ जो अपने इतिहास और बलिदान के लिए प्रसिद्ध है. इसके साथ-साथ यहां के त्योहार भी काफी मशहूर हैं. इन्हीं त्योहारों में सबसे मशहूर त्योहार है गणगौर इस छोटी गणगौर त्योहार पर उदयपुर में शीतल शप्तमी को मेला लगा है. यहां पर खूबसूरत गणगौर की मुर्तियां सजाई गई हैं. इन्हें खरीदने के लिए सैकड़ों की संख्या में उदयपुर की महिलाएं पहुंची. दरअसल दो दिन के इस मेले में महिलाएं मूर्तियां खरीदने के बाद उनकी वहीं पूजा करती हैं अपने घर ले जाती है. इसके बाद घर में वो इन मूर्तियों की पूजा करती हैं. यह मेला बुधवार को उदयपुर के मोती चौहट्टा क्षेत्र में लगा. यहां सज-धजकर महिलाएं आईं और मूर्तियों को खरीद कर पूजा अर्चना की. महिलाओं ने इस त्योहार के महत्व को बताते हुए कहा कि भगवान शिव-पार्वती के रूप में गणगौर की पूजा की जाती है. सुहागन महिलाएं 16 दिन तक इनकी पूजा करती हैं. वो अपने सुहाग की लंबी आयु की कामना करती हैं. महिलाएं यहां से मूर्तियों को खरीदकर घर ले जाते हैं और फिर घर में स्थापना कर भगवान शिव-पार्वती की विधि विधान से साथ पूजा-अर्चना करती हैं. फिर बड़ी गणगौर का त्योहार आता है. इसमें पिछोला झील के गणगौर घाट में सभी महिलाएं गणगौर को लेकर जाती हैं और विसर्जित करती हैं. बड़ी गणगौर त्योहार उदयपुर में 24 मार्च को मनाया जाएगा. यहां का यह गणगौर फेस्टिवल बड़े शाही अंदाज में मनाया जाता है. पिछोला झील में शाही नाव से सवारी निकलती है. जिसे देखने के लिए सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंचते हैं. शाम को शुरू होने वाला यह कार्यक्रम रात तक चलता है. गणगौर त्योहार के आने से एक महीने पहले ही भगवान शिव-पार्वती की मूर्तियां बननी शुरू हो जाती हैं. खास बात है कि मूर्तियां बनाने की अनुमति राज परिवार की तरफ से एक ही व्यापारी परिवार को मिली हुई है. व्यापारी परिवार के सदस्य मूर्तियों को बनाते हैं.

## आदिवासी युवती से रेप के बाद संघर्ष में युवक की मौत पर गरमाई सियासत

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के महू के बडगोंडा में कथित तौर पर आदिवासी युवती के साथ बलात्कार के बाद हत्या से उपजे उपद्रव में पुलिस की फायरिंग में एक युवक की मौत के बाद अब राजनीति भी गरमा गई है. पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने आदिवासी विधायक दल के कार्यकर्ताओं को घटनास्थल पर जांच के लिए भेजा है. महू में बुधवार देर रात हुए बड़े बवाल के बाद भले ही पुलिस ने मामले को शांत कर दिया गया हो. लेकिन अब इस मामले को लेकर राजनीति गरमा गई है. जहां एक ओर प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पूरी घटना को लेकर मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दे दिए हैं. वहीं, अब कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने भी इस मामले में एंट्री करते हुए अपनी पार्टी के विधायक दल को घटनास्थल पर जांच के लिए भेज दिया है.



**कमलनाथ ने भेजा जांच दल**–आदिवासी युवती की कथित तौर पर बलात्कार के बाद महू के बड़गोंदा थाना क्षेत्र की डोंगरगांव पुलिस चौकी पर पुलिस और आदिवासियों के बीच संघर्ष हो गई थी. इस घटना में कथित तौर पर पुलिस की गोली से एक आदिवासी की मौत की जांच के लिए कांग्रेस का आदिवासी विधायकों का दल घटनास्थल पर जांच के लिए रवाना हो गया है. इन्हें खुद पीसीसी अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के निर्देश पर भेजा गया है. ये जानकारी कांग्रेस के प्रवक्ता संतोष सिंह गौतम ने गुरुवार को दी.

**कांग्रेस के जांच दल में ये हैं शामिल**–उन्होंने बताया कि जांच दल में कांतिलाल भूरिया, बाला बच्चन, झूमा सोलंकी और पांचीलाल मेड़ा भी शामिल हैं. साथ ही इंदौर के प्रभारी महेंद्र जोशी भी घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं. यह दल घटना की सच्चाई की पता करेगा और पीड़ित लोगों से बातचीत करने के बाद जांच दल अपनी रिपोर्ट कमलनाथ को सौंपेगा. गौरतलब है कि प्रदेश में आदिवासी समाज की संख्या बहुत ज्यादा है. प्रदेश सरकार चुनने में उनकी बहुत बड़ी भूमिका होती है. यही कारण है कि सत्ता में बैठी बीजेपी सरकार हो या विपक्ष में बैठी कांग्रेस पार्टी कोई भी आदिवासी समाज को साधने की कोशिश में पीछे नहीं रहना चाहती है.

## मैं सांसद हूं और संसद में जवाब दूंगा, बोले राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के लंदन में दिए गए बयान पर बवाल मचा हुआ है. बीजेपी उनसे माफी मांगने की मांग पर अड़ी हुई है. इस बयान को लेकर संसद के दोनों सदनों में हंगामा हो रहा है. राहुल गांधी ने इस मामले को लेकर गुरुवार (16 मार्च) को पीसी की. राहुल गांधी ने कहा कि सुबह मैं संसद गया और अध्यक्ष (लोकसभा) से बात की कि मैं बोलना चाहता हूं. उन्होंने कहा कि सरकार के चार मंत्रियों ने मुझ पर आरोप लगाए थे इसलिए मुझे सदन में अपनी बात रखने का अधिकार है. मुझे उम्मीद है कि मुझे कल संसद में बोलने दिया जाएगा. मैं सांसद हूं और संसद में जवाब दूंगा. एक सांसद के तौर पर मेरी पहली जिम्मेदारी है कि संसद में जवाब दूं, उसके बाद ही मैं मीडिया के सामने स्पष्टीकरण दे सकता हूं. कांग्रेस सांसद ने कहा कि आज मेरे पहुंचने के 1 मिनट बाद सदन को स्थगित कर दिया गया. कुछ दिन पहले जो मैंने सदन में नरेंद्र मोदी और अडानी जी के रिश्ते पर जो भाषण दिया उसे सदन की कार्रवाई से हटा दिया गया. उस भाषण में ऐसी कोई चीज नहीं थी जो सार्वजनिक रिकॉर्ड में ना हो. अगर भारतीय लोकतंत्र काम कर रहा होता तो मैं संसद में बोल पाता. वास्तव में आप जो देख रहे हैं वह भारतीय लोकतंत्र की परीक्षा है. उन्होंने कहा कि सरकार और पीएम अडानी मामले से डरे हुए हैं इसलिए उन्होंने ये तमाशा किया है. अडानी के बारे में संसद में मेरे पिछले भाषण में पूछे गए सवालों का प्रधानमंत्री ने अभी तक जवाब नहीं दिया है. मुझे लगता है कि मुझे संसद में बोलने नहीं दिया जाएगा. मुख्य प्रश्न यह है कि मोदीजी और अडानीजी के बीच क्या रिश्ता है. सरकार अडानी के मुद्दे से ध्यान हटाना चाहती है. इससे पहले गुरुवार को राहुल गांधी ने संसद में जाते वक्त कहा था कि उन्होंने भारत विरोधी कुछ भी नहीं कहा है.

### ये मेरा मामला है, बहस नहीं होनी चाहिए

## शिवलिंग पर जल चढ़ाने को लेकर बोलीं महबूबा मुफ्ती

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीडीपी चीफ महबूबा मुफ्ती ने पुंछ जिले के नवग्रह मंदिर में पूजा-अर्चना की. इसके बाद उन्होंने पूरे मंदिर के चक्कर लगाए और शिवलिंग का जलाभिषेक भी किया. अब इसे लेकर राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है. महबूबा मुफ्ती ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है. उन्होंने कहा है कि ये उनका निजी मामला है और इस पर बहस नहीं होनी चाहिए. शिवलिंग पर जल चढ़ाने को लेकर उन्होंने कहा, हम लोकतांत्रिक देश में रहते हैं. पुंछ में मंदिर बना है, वे चाहते थे कि मैं मंदिर के अंदर जाकर देखूं. वहां किसी ने श्रद्धा से मेरे हाथ में पानी का लोटा दिया कि आप इस पर डालिए, तो मैंने डाल दिया अगर मैंने पानी डाल दिया तो यह मेरा मामला है इस पर बहस नहीं होनी चाहिए. इससे पहले महबूबा मुफ्ती 2017 में गांदरबल के खीर भवानी मंदिर में भी जा चुकी हैं. तब वे मुख्यमंत्री थीं. वहीं, इत्तेहाद उलेमा-ए-हिन्द के मुफ़्ती असद कासमी ने इसे गैर इस्लामिक बताया है. उन्होंने कहा, महबूबा ने जो किया



वो गैर इस्लामिक है. महबूबा की पूजा इस्लाम के खिलाफ है. बीजेपी ने महबूबा के मंदिर जाने को ड्रामा बताया है. पार्टी ने कहा कि कभी महबूबा ने अमरनाथ धाम के लिए जमीन देने से इनकार कर दिया था. जम्मू-कश्मीर बीजेपी के प्रवक्ता रणबीर सिंह पठानिया ने कहा, 2008 में महबूबा मुफ्ती और उनकी पार्टी ने अमरनाथ धाम के लिए जमीन के अलॉटमेंट का विरोध किया था. श्रद्धालुओं के लिए इस जमीन पर निवास स्थान बनाए जाने थे. अब उनका मंदिर जाना केवल एक ड्रामा है. इससे उन्हें कुछ हासिल नहीं होगा. अगर राजनीतिक ड्रामों से कुछ हासिल होता तो जम्मू-कश्मीर आज समृद्धि का बाग बन गया होता. इससे पहले पुंछ जिले में महबूबा मुफ्ती ने जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार और बीजेपी पर जमकर निशाना साधा था. उन्होंने कहा कि बीजेपी का मकसद देश को हिंदू राष्ट्र बनाने का नहीं, बल्कि बीजेपी राष्ट्र बनाने का है. उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी भारत को बीजेपी राष्ट्र बनाने के लिए विपक्षी दलों पर कथित हमले कर रही है, जिस पर उनकी पार्टी चुप नहीं बैठेगी.

## जासूसी मामले में सीबीआई ने मनीष सिसोदिया के खिलाफ दर्ज किया केस

**नई दिल्ली।** जासूसी मामले में दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम और आम आदमी पार्टी नेता मनीष सिसोदिया के खिलाफ सीबीआई ने केस दर्ज किया है. फीडबैक यूनिट केस में सिसोदिया समेत 6 लोगों के खिलाफ केस रजिस्टर हुआ है. मनीष सिसोदिया को सीबीआई ने 26 फरवरी को दिल्ली आबकारी नीति मामले में गिरफ्तार किया था. सिसोदिया के अलावा जिन 5 अन्य लोगों पर केस दर्ज हुआ है उनमें तत्कालीन विजिलेंस सेक्रेटरी सुकेश कुमार जैन, रिटायर्ड डीआईजी, सीआईएसएफ एंड स्पेशल एडवाइजर टू सीएम एंड जॉइंट डायरेक्टर फीडबैक यूनिट, रिटायर्ड जॉइंट डिप्टी डायरेक्टर प्रदीप कुमार पुंज (डिप्टी डायरेक्टर), रिटायर्ड असिस्टेंट कमांडेंट ष्ट्वस्त्र सतीश खेत्रपाल (फीड बैक अफसर),



गोपाल मोहन (दिल्ली सीएम के एडवाइजर) और एक अन्य नाम शामिल हैं.

**सीबीआई को मिली थी मंजूरी**

बीती 8 फरवरी को सीबीआई फीडबैक यूनिट के कथित जासूसी मामले में केंद्रीय गृह मंत्रालय से आप नेता के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की थी. केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्रीय जांच एजेंसी को सिसोदिया पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा चलाने की मंजूरी दी थी. इसके बाद से ही मनीष सिसोदिया के खिलाफ केस दर्ज करने की आशंका जताई जा रही थी. दिल्ली में आप के सत्ता में आने के बाद इस विभाग के तहत फीडबैक यूनिट बनाई गई थी. इस यूनिट पर जासूसी कराने का आरोप है. सीबीआई के मुताबिक, एफबीयू ने 1 फरवरी, 2016 को 17 कॉन्ट्रैक्ट कर्मियों के साथ काम करना शुरू किया था. इनमें अधिकांश खुफिया ब्यूरो और केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के सेवानिवृत्त अधिकारी थे. यूनिट का उद्देश्य कथित रूप से विभिन्न मंत्रालयों, विपक्षी राजनीतिक दलों, संस्थाओं और व्यक्तियों की जासूसी करना था और इसकी कोई विधायी या न्यायिक निगरानी नहीं थी.

## माफिया अतीक अहमद ने उमेश पाल को दी थी धमकी

**नई दिल्ली।** प्रयागराज में दिनदहाड़े हुए उमेश पाल हत्याकांड को लेकर हर दिन नए खुलासे हो रहे हैं. इसी बीच उमेश पाल शूटआउट केस को लेकर एक बड़ा खुलासा हुआ है. माफिया अतीक अहमद ने साल 2018 में धमकी देते हुए कहा था कि उमेश पाल को ऐसा मारेंगे कि 15 दिनों तक नेशनल टीवी चैनल्स पर खबर चलेगी. अतीक अहमद की इस धमकी की पुलिस में एफआईआर भी दर्ज हुई थी. अतीक अहमद ने प्रयागराज के प्रॉपर्टी डीलर को देवरिया जेल से रहते हुए अगवा करा कर उसे यह धमकी दी थी. यह घटना 22 नवंबर साल 2018 की है, अतीक अहमद उन दिनों यूपी की देवरिया जेल में बंद था. माफिया अतीक अहमद ने देवरिया जेल में रहते हुए प्रयागराज के बमरौली इलाके के रहने वाले प्रॉपर्टी डीलर मोहम्मद जैद का अपने गुर्गों से



अपहरण करवाया था. गुर्गे जैद का अपहरण करने के बाद उसे देवरिया जेल में अतीक अहमद के पास ले गए थे. अतीक अहमद ने जेल में जैद की पिटाई की थी, जैद को जेल में लात घूंसों वा लाठी-डंडों से पीटा गया था. अतीक अहमद ने उसी वक्त जैद से कहा था कि उमेश पाल मुझे सजा दिलवाना चाहता है. इस दौरान माफिया अतीक ने कहा था कि उसको मैं ऐसा मरवाऊंगा कि 15 दिनों तक नेशनल न्यूज चैनल्स पर लगातार खबर चलेगी. इस मामले में जैद ने 8 जनवरी 2019 को प्रयागराज के धूमनगंज थाने में एफआइआर भी दर्ज कराई थी. इस मामले में एफआईआर माफिया अतीक अहमद के साथ ही उसे अगवा करने वाले और जेल ले जाने वाले गुर्गों के खिलाफ दर्ज कराई गई थी. इस एफआईआर में अतीक के अलावा 14 अन्य लोगों को भी नामजद किया गया था. बता दें कि बसपा विधायक राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल और उनके पुलिस सुरक्षा गार्ड संदीप निषाद की 24 फरवरी को प्रयागराज के धूमनगंज में उनके घर के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी. वहीं इस हत्याकांड को लेकर यूपी पुलिस ने पूर्व सांसद अतीक अहमद के बेटे असद समेत पांच आरोपियों की सूचना देने वालों के इनाम को ढाई लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये कर दिया है. इससे पहले उमेश पाल की हत्या से कथित रूप से जुड़े दो लोग अरबाज और विजय चौधरी उर्फ उस्मान को 27 फरवरी और 6 मार्च को पुलिस ने मुठभेड़ में मार दिया था.

## युवक ने पुलिस को दे डाली खुली चुनौती सरेआम की 12 राउंड हवाई फायरिंग

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में सोशल मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन लगातार जारी है. ऐसे लोगों पर पुलिस लगातार कार्रवाई भी कर रही है, लेकिन कुछ लोग अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं. अब एक ऐसा ही एक मामला फिर से नई मंडी कोतवाली इलाके का सामने आया है, जिसमें लक्ष्य उर्फ काका नामक शख्स का एक भौकाली वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है. वीडियो में शख्स न केवल एक के बाद एक 12 राउंड हवाई फायरिंग करता नजर आ रहा है, बल्कि पुलिस को भी खुली चुनौती दे रहा है. फायरिंग करने वाले शख्स की पहचान मुजफ्फरनगर की नई मंडी कोतवाली इलाके की आदर्श कॉलोनी के रहने वाला लक्ष्य उर्फ काका के रूप में की गई है. आरोपी पहले भी हर्ष फायरिंग के मामले में जेल की हवा खा चुका है. इसके बावजूद हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर लक्ष्य उर्फ काका ने फिर से ये भौकाली वीडियो पोस्ट कर पुलिस को खुली चुनौती दे डाली है. वीडियो में जहां काका उर्फ लक्ष्य धड़ाध 12 राउंड फायरिंग करते नजर आ रहा है, तो वहीं पुलिस को भी खुली चुनौती दे रहा है. वीडियो वायरल होने के बाद मुजफ्फरनगर पुलिस ने संज्ञान ले लिया है. एसपी सिटी सत्य नारायण प्रजापति ने इस मामले में बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल होने वाली वीडियो का पुलिस ने संज्ञान लिया है, जिसमें एक युवक के द्वारा असलहे से फायरिंग करते हुए देखा जा सकता है.

## दिल्ली आबकारी नीति मामले में 20 मार्च को फिर ईडी के सामने पेश होंगी कविता

**नई दिल्ली।** दिल्ली की शराब नीति केस में तेलंगाना सीएम केसीआर की बेटी के. कविता को ईडी ने 20 मार्च को पेश होने के लिए कहा है. जानकारी सामने आई है कि ईडी ने कविता को नया समन जारी किया है. वैसे कविता से गुरुवार (16 मार्च) को ईडी के सामने पेश होना था लेकिन उनके प्रतिनिधि ने प्रवर्तन निदेशालय को संबंधित दस्तावेज भेजे हैं. समाचार एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से ये जानकारी सामने आई है. मालूम हो कि इससे पहले भारत राष्ट्र समिति नेता के कविता 11 मार्च को श्रष्ठ दफ्तर में पेश हुई थी. जहां उनसे पांच घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की गई थी. कविता की पहली पेशी के दौरान उनका सामना हैदराबाद के शराब व्यवसायी अरुण पिल्लई से हुआ,



जिन्होंने दिल्ली की शराब नीति पॉलिसी में दक्षिण समूह का प्रतिनिधित्व किया था. आरोप है कि अरुण पिल्लई ने शराब नीति में बदलाव के लिए आप नेताओं को 100 करोड़ रुपए की रिश्वत दी थी. जिसका उपयोग गोवा विधानसभा चुनावों के दौरान किया गया था. पिल्लई ने कहा है कि वह कविता का सहयोगी था.

ईडी ने बुधवार को बीआरएस एमएलसी के पूर्व ऑडिटर और साउथ ग्रुप के सदस्य बुच्ची बाबू का बयान दर्ज किया. ईडी सूत्रों के मुताबिक ऐसी संभावनाएं हैं कि केंद्रीय एजेंसी कविता का बुच्ची बाबू से आमना-सामना करा सकती है. के कविता की दूसरी पेशी को लेकर उनके दिल्ली स्थित आवास के बाहर सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गई थी. मालूम हो कि 11 मार्च को पेशी के दौरान तेलंगाना हाउस में बीआरएस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया था. बीआरएस पार्टी की एमएलसी के कविता की मुसीबतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं. के कविता को अब सुप्रीम कोर्ट से भी झटका लगा है. कोर्ट ने इस मामले में अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया. ईडी पूछताछ के विरोध में के कविता ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करके तुरंत सुनवाई करने की अपील की थी. अब इस मामले की सुनवाई 24 मार्च को होनी है.

## एक नजर...

### अखिल भारतीय धोबी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष बने बलबीर निबोरिया

रामस्वरूप रजक, पुष्पांजलि टुडे



अखिल भारतीय धोबी महासंघ के राष्टीय परिषद के सदस्य मनीष रजक ने बताया की विगत दिनो संघठन के राष्टीय अध्यक्ष का चुनाव नासिक बालाजी रिसोर्ट में लोकतांत्रिक प्रक्रिया से संपन्न हुआ जिसमे कृष्ण कुमार कन्नौजिया को संपूर्ण भारतवर्ष से नासिक पहुचे रजक समाज बंधुओ ने अपना अमूल्य मत देकर अपना राष्टीय अध्यक्ष चुना चुनाव संपन्न होने के बाद दिल्ली में राष्टीय अध्यक्ष का शपथ ग्रहण समरोह आयोजित किया गया जिसमे शपथ ग्रहण के साथ ही राष्टीय अध्यक्ष ने 17 प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति विधिवत रूप से की जिसमे मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष के पद पर मध्य प्रदेश के प्रदेश प्रभारी बलबीर निवौरिया को नियुक्ति किया है श्री निवौरिया की नियुक्ति पर संपूर्ण मध्य प्रदेश के रजक समाज के खुशी की लहर है ओर संपूर्ण प्रदेश से उन्हे इस नियुक्ति पर बधाई शुभकामनाए मिल रही है गुना जिले से नारायण लाल रजक, अनूप आखरे, कल्लू रजक, कैलाश रजक, दिवाकर आखरे, ललित रजक ,मनीष रजक छावनी, मनोज रजक ,प्रदीप रजक, रामू रजक , मोहित रजक ,सचिन भडेरिया, गगन भडेरिया , पवन भडेरिया ,सुनील रजक ,अंकित रजक सहित अन्य लोगो ने बधाई दी एवं राष्टीय नेतृत्व का इस नियुक्ति के लिए आभार माना।

### बैराड़ में सम्मेलन के दौरान जनता ने लगाए मंत्री सुरेश रांठखेड़ा मुर्दाबाद के नारे, वीडियो वायरल

अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे





शिवपुरी। खबर शिवपुरी जिले के बैराड़ तहसील से है जहां पर हाल ही में कुशवाह समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया था सूत्रों से ज्ञात हुआ कि कुशवाह समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया था,जिसमे सम्मेलन में सम्मिलित हुए लोगों ने क्षेत्रीय विधायक और पीडब्ल्यूडी मंत्री सुरेश रांठखेड़ा के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए जहां सूत्रों ने जानकारी मिली कि कुशवाहा समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन में क्षेत्रीय विधायक द्वारा शासकीय सहायता राशि का वितरण करने का आश्वासन दिया गया था जो कि कुशवाह समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन में न तो सहायता राशि मिली और न ही मंत्री मुख्य अतिथि के रूप में आने वाले थे जो की नही पहुंचे, जिस क्रम में गुस्साए ग्रामीणों ने पीडीडब्ल्यू मंत्री सुरेश रांठखेड़ा के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाना शुरू कर दिए। जिसकी वीडियो शोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। यह जो वीडियो वायरल हो रही है इस वीडियो का महत्व चुनावी साल में आने वाले प्रत्याशियों के लिए बहुत ही दुखदाई साबित होने वाली है जिसका भुगतान उनको आने वाले चुनाव में करना पड़ेगा जहां पर लोग उम्मीद बनाकर अपने विधायक प्रतिनिधियों से अपने क्षेत्र की समस्याओं का निवारण का आश्वासन चाहते हैं वही ऐसे विधायक और जनप्रतिनिधि लोगों को मूर्ख समझने का कार्य करते हैं इसका नतीजा आने वाले चुनावी वर्ष में जनप्रतिनिधियों को चुकाना पड़ सकता है।

### श्री रामराजा सरकार सम्पूर्ण शिक्षा फाउंडेशन का सराहनीय कार्य: भार्गव




श्री रामराजा सरकार सम्पूर्ण शिक्षा फाउंडेशन की डायरेक्टर श्री मती अंगूरी देवी शर्मा व श्रीमती इंदिरा शर्मा द्वारा शासकीय प्राथमिक विद्यालय बड़ई का डेरा कूंड तहसील करैरा जिला शिवपुरी मैं बच्चों के बीच पहुँचकर शिक्षा के विषय में जागरूक किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में




भारतीय जन सेवा संगठन के राष्टीय अध्यक्ष अनिल भार्गव उपस्थित रहे। बिशिष्ट अतिथि के रूप में शिक्षक श्री कमल किशोर शर्मा जी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि व डायरेक्टर द्वारा स्कूली बच्चों को शिक्षा के प्रति उत्साहवर्धन के लिए कॉपी किताबें ,पेंसिलें वितरित की गई। इस मौके पर श्री भार्गव ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में संस्था के द्वारा उठाया गया कदम अति सराहनीय है। मैं हमेशा पूर्ण समर्पण भाव से संस्था का सहयोग करता रहूँगा। विशिष्ट अतिथि श्री शर्मा ने कहा कि बच्चों के सर्वागीण विकास के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है एवं उन्नति का मूल मंत्र है, आज के युग में आर्थिक विकास के लिए शिक्षा अति आवश्यक है। इस मौके पर प्रमोद शर्मा, बाँके महाराज धर्म सिंह बुन्देला, आदि लोग उपस्थित रहे।

---

**पुलिस थाना खनियाधाना द्वारा करीबन 80 लीटर अवैध शराब कीमती करीब**

# 1 लाख रुपये पकड़ी व 1200 लीटर लहान को किया नष्ट

जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना

**खनियाधाना।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शिवपुरी राजेश सिंह चंदेल द्वारा अवैध शराव की विक्री के विरूध्द कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया था । उक्त आदेश के पालन मे अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण कुमार भूरिया के निर्देशन में एस.डी.ओ.पी पिछोर श्री प्रशान्त शर्मा के मार्गदर्शन में आज दिनांक 15.03.2023 की शाम दौराने इलाका भ्रमण पुलिस को मुखविर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम गूढर मे कंजर डैरा अछरौनी सोनी के कुआ पर अवैध रुप से शराव विक्री कर रहे है उक्त सूचना पर से दविश दी गई तो आरोपिया रूबिया पत्नि रामलखन कंजर उम्र 37 साल निवासी विच्छू पहाडिया भटीपुरा जिला महोबा उ.प्र. हाल निवासी कंजर डैरा सोनी का कुआ अछरौनी के कब्जे से दो कैनो मे 40-40 लीटर जिसमे कुल 80 लीटर हाथ भट्टी की बनी हुई देशी शराव भरी हुई थी जिसकी करीबन कीमती 30,000 रुपये है व 06 प्लास्टिक के ड्रमो को खोलकर देखा तो उनके अन्दर शराब बनाने का 1200 लीटर गुड़ का लहान भरा हुआ था जिसे मौके पर नष्ट किया गया ती मौके से शराब बनाने




का एक लोहे का ड्रम, एक एल्यूमीनियम का देगचा , एक स्टील की परात जिसमे स्टील का पाइप लगा हुआ है बरामद की गई तथा उक्त आरोपिया के विरूध्द अपराध क्रमांक 131/2023 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का कायम कर विवेचना मे लिया गया आरोपी से अन्य आरोपियो के सम्बंध मे पूछताछ की जा रही है ।

**बरामद माल-** दो कट्टियो मे 80 लीटर देशी हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराव व 06 प्लास्टिक के ड्रमो मे करीवन 1200 लीटर गुड़ का लहान भरा हुआ था जिसे मौके पर नष्ट कर खाली 06 प्लास्टिक के खाली ड्रम, एक लोहे का ड्रम, एल्यूमीनिय का देगचा, एक स्टील की परात जिसमे स्टील का पाइप लगा हुआ है प्लास्टिक की लेजम आदि । कुल कीमती एक लाख रुपये का माल जप्त किया गया है ।

**नोटः-** 1,200 लीटर लहान जिसे मौके पर ही शराब बनाने की फैक्ट्री, सीमेन्ट की बनी हौदी आदि को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया । कुल एक लाख रुपये का शराब का सामान जप्त किया गया ।

**इनकी रही भूमिका-** उक्त कार्यवाही मे निरी. सुरेश शर्मा, निरी. सुरेश शर्मा, सउनि अरूण कुमार वर्मा ,सउनि प्रकाश सिह कौरव, आर. 781 हेमसिह गुर्जर मय आर. आरक्षक 621 बनबारी भिलाला, आरक्षक 984 हीरेन्द्र प्रताप सिह, म.आर. 572 विशाखा शिन्दे।

---

**थाना अमोला द्वारा अवैध रुप से 35 पेटी देशी शराब का परिवहन करते हुऐ**

# शराब तस्कर को मय कट्टे राउण्ड, सिफ्ट डिजायर गाडी सहित गिरफ्तार किया

अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी। वरिष्ट पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री राजेश सिंह चन्देल द्वारा अवैध शराब एवं मादक पदार्थो के कारोवारियो के उपर शिकंजा कसने हेतु अभियान चलाकर कडाई से प्रतिबंध लगाने हेतु लगातार निर्देशित किया जा रहा है । जिसके तार्यतम मे थाना अमोला द्वारा अवैध शराब का सिफ्ट कार से परिवहन करते हुऐ मय 35 पेटी देशी मदिरा सफेद प्लेन मय 315 बोर के कट्टे राउण्ड के गिरफ्तार किया गया । अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण भूरिया एस.डी.ओ.पी. करैरा श्री संजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में, थाना प्रभारी अमोला संतोष भार्गव द्वारा मुखविर सूचना पर से एक व्यक्ति को मय सिफ्ट डिजायर कार 35 पेटी अवैध देशी मदिरा सफेद प्लेन मय एक खोका व जिन्दा राउण्ड के पुलिस पार्टी पर फायर करते हुऐ पकड़ कर गिरफ्तार किया दुसरा आरोपी पुलिस पर फायर करते हुऐ जंगल व अंधेरे का लाभ लेकर भाग गया । आज दिनांक 15.03.23 को थाना प्रभारी अमोला उनि. संतोष भार्गव को मुखविर द्वारा सूचना मिली की शिवपुरी तरफ से एक सफेद रंग की सिफ्ट डिजायर क्रमांक क्र39800 मे दो व्यक्ति अवैध शराब लेकर शिवपुरी से करैरा तरफ आ रहे है सूचना की तस्दीक हेतु । तुरित कार्यवाही करते हुऐ थाना प्रभारी संतोष भार्गव द्वारा समस्थ फोर्स को लेकर आमोलपठा तिराहा पर वाहन चैकिंग लगायी गयी दौराने चैकिग एक सफेद रंग की सिफ्ट क्रमांक क्र39800 को 



रोककर चेक करना चाहा तो उसमे से दो व्यक्ति उतर कर जान से मारने की नियत से फायर करते हुऐ भागने लगें एक गोली सउनि. हरीश सोलंकी के कान के बगल से निकली उस व्यक्ति को पुनः कट्टा लोड करते हुऐ पुलिस पार्टी द्वारा पकडा गया जिसके कब्जे से एक 315 बोर का कट्टा दो जिन्दा राउण्ड व एक 315 बोर का खाली खोका मिला जिसने अपना इसके कब्जे की सिफ्ट कार को चेक किया तो उसमे 35 पेटी प्लेन देशी मदिरा शराब की मिली दुसरा आरोपी अँधेरा व जंगल का लाभ लेकर भाग गया जिसकी तलास की जा रही है ।

उपरोक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी अमोला संतोष भार्गव, सउनि. हरीश सोलंकी,सउनि. सउनि.विवेक भट्ट, प्र.आर. 376 हरदयाल जोशी , प्र.आर. 481 राकेश सेंगर ,आर. 732 संजीव श्रीवास्तव,आर. 404 अर्जुन रावत,आर. 519 रामलक्ष्मन मधुरिया,आर. 337 शिवम विश्वकर्मा,आर. 607 शिवम यादव,आर. 393 पवन राठौर,आर. 979 रामनरेश राठौर , आर. 693 नीतेन्द्र सिंह, की महत्वपूर्ण भुमिका रही ।

---

### मलेरिया जागरूकता रथ को सीनियर मेडिकल ऑफिसर ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

राकेश परिहार रिपोर्टर पिछोर

शिवपुरी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.पवन जैन एवं जिला मलेरिया अधिकारी डॉ.संजय रिशेश्वर के निर्देशन में एंबेड परियोजना फैमिली हेल्थ इंडिया व जिला स्वास्थ्य समिति के संयुक्त तत्वाधान में आज गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पिछोर के सीनियर मेडिकल ऑफिसर संजीव कुमार वर्मा ने मलेरिया डेंगू जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाई। साथ ही कहा कि जागरूकता रथ के माध्यम से सभी ग्रामों में जाकर ग्रामीणों को मलेरिया डेंगू के प्रति जागरूक करें। इस मौके पर जिला समन्वयक फैमिली हेल्थ



इंडिया एंबेड परियोजना दीपक जोहरी एवं मलेरिया इंस्पेक्टर दिनेश भार्गव द्वारा बताया गया कि जिले के विकासखंड पिछोर, खनियाधाना, सतनवाडा में एंबेड परियोजना क्षेत्र के 109 गांव में मलेरिया डेंगू जागरूकता रथ चलाया जाएगा जिससे ग्रामीणों को आईईसी/बीसीसी गतिविधि के माध्यम से मलेरिया बीमारी होने के कारण, बचाव, रोकथाम एवं मच्छर के जीवन चक्र साथ ही बुखार होने वाले रोगियों को तत्काल खून की जांच, शीघ्र व सम्पूर्ण इलाज के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। इस कार्यक्रम में एंबेड परियोजना टीम के सदस्य कार्यक्रम सहयोगी विवेक झा एवं बीसीसीएफ महेश गौतम, सतेंद्र केवट, हरगोविंद कोली एवं वॉलंटियर लखन का विशेष योगदान रहा।

---

# मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के क्रियान्वयन में बर्दाश्त नहीं होगी कोताहीः कलेक्टर

**पिछोर, ग्राम पंचायत सेमरी ने 207 से अधिक ई-केवाईसी किए जाने पर सचिव सम्मानित**

राकेश परिहार रिपोर्टर पिछोर

शिवपुरी। नगर स्थित माता बिजासेन मंदिर के समीप बने सभागार में मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी द्वारा आज गुरूवार को पंचायत सचिव, सहायक सचिवों, सरपंच तथा उपसरपंच, एमपी ऑनलाइन तथा सीएससी सेंटरों के संचालकों को लेकर एक प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में पहुंचे कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी ने मौजूद सभी को निर्देश देते हुए कहा कि यह शासन की महत्वपूर्ण प्राथमिकता वाली योजना है इसमें किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं होगी जिस स्तर पर हमें कोई शिकायत प्राप्त होगी उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर ने ईकेवाईसी कराने के लिए 17 से 24 मार्च तक विशेष शिविर आयोजित होने की बात कही जिसमें स्थानीय प्रशासनिक अमला सीएससी तथा एमपी ऑनलाइन वाले मिलकर महिला हितग्राहियों की समग्र ईकेवाईसी करेंगे जो पूर्ण तरह निशुल्क रहेगी। सीएससी तथा एमपी ऑनलाइन वालों को शासन द्वारा प्रति हितग्राही समग्र केवाईसी करने पर 16 रूपए भुगतान किया जाएगा इसलिए हितग्राहियों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। इसके बाद कलेक्टर चौधरी ने प्रशिक्षण में उपस्थित सचिव, सरपंच तथा सीएससी, ऑनलाइन संचालकों




से बात उन्हें हो रही परेशानियों को भी जाना वही कई समस्याओं का समाधान भी बताया। इसी क्रम में कलेक्टर ने मौजूद प्रशिक्षण ग्रहिताओ से पूछा कि अभी तक किसी पंचायत ने अथवा सचिव ने ईकेवाईसी के संबंध में कोई कार्यवाही की है क्या, जिस पर पिछोर जनपद की ग्राम पंचायत सेमरी के सचिव अजब सिंह लोधी द्वारा सेमरी पंचायत में 207 महिला हितग्राहियों की समग्र केवाईसी की गई वही अजब सिंह द्वारा ही पिछले दो दिवस में 70 से अधिक महिलाओं की ई केवाईसी की गई जिस पर कलेक्टर ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए हौसला अफजाई के रूप में तालियों से स्वागत किया।

कार्यशाला के अंत में प्रोग्रामर जुगराज प्रजापति द्वारा स्क्रीन के माध्यम से टेक्निकल प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में प्रमुख रूप से पिछोर जनपद सीईओ पुष्पेंद्र व्यास, तहसीलदार अखिलेश शर्मा, मुख्य नगर परिषद अधिकारी राघवेंद्र पालिया, छत्रसाल महाविद्यालय के प्रोफेसर के.के.यादव, मधुसूदन पाठक, पंचायत इंस्पेक्टर रामकृष्ण टेगर आदि के अलावा सभी पंचायतों के सचिव सहायक सचिव, सरपंच, उपसरपंच उपस्थित रहे।

---

### नगर पालिका सीएमओ राघवेंद्र पालिया की लापरवाही व मनमानी यातायात वाहन चालकों की जान जोखिम में

**यातायात वाहन चालकों की जान से खिलवाड़ कभी भी हो सकता है कोई बड़ा हादसा जिम्मेदार कौन**

राकेश परिहार रिपोर्टर पिछोर

**पिछोर।** नगर पालिका सीएमओ राघवेंद्र लापरवाही दिन प्रतिदिन नगर परिषद में देखने को मिल रही है हर जगह नजर पसार गंदगी छाई हुई है मानो नदियों की तरह बाढ़ सी आ गई है लेकिन नगर पालिका सीएमओ राघवेंद्र पालिया का नगर पर कोई ध्यान नहीं है गंदगी के कारण नगरवासी बीमारी का शिकार हो रहे हैं डाकबंगला मुख्य चौराहे पर अपार मिट्टी का ढेर लगा हुआ है कई महीने बीत चुके हैं लेकिन मिट्टी के ढेर को अभी तक उठाया नहीं गया है वाहन यातायात चालक कई बार दुर्घटना के शिकायत भी बन चुके हैं लेकिन नगर पालिका सीएमओ का नगर पर कोई



ध्यान नहीं है कुर्सी पर बैठकर मौज ले रहे हैं डाकबंगला मुख्य चौराहे पर सड़क के बीचो-बीच मिट्टी का पार ढेर लगा हुआ है जिससे यातायात बाधित होती है जब यह जानकारी नगर पालिका सीएमओ को दी गई तो नगर पालिका सीएमओ राघवेंद्र पालिया ने कहा कि मिट्टी ज्यादा होने के कारण मजदूरों से नहीं उठाई जा सकती इसलिए जेसीबी द्वारा यह मिट्टी हटवा दी जाएगी लेकिन आए दिन तक अपार मिट्टी का ढेर लगा हुआ है नगर पालिका सीएमओ द्वारा केवल केवल झूठा आश्वासन दिया जा रहा है नगर की स्थिति बत्थर से बत्थर खराब होती जा रही है हर जगह नजर पसार गंदगी फैली हुई है नगर पालिका सीएमओ की यह लापरवाही लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रही है।

---

# बच्चों को हर सुविधा के साथ जिम्मेदारी भी दीजिए

रामस्वरूप रजक, पुष्पांजलि टुडे

बच्चों के सारे शौक़ पूरे करना हर माँ-बाप की ख़्वाहिश होती है, खुशी होती है। अपने ख़्वाबों को परे रखकर, अपना पेट काटकर हर माँ-बाप बच्चों को राज कुमार और राज कुमारी की तरह रखना चाहते है। हर सुख सुविधा से सज्ज ज़िंदगी देकर बच्चों को वो ज़िंदगी देना चाहते है जो खुद को नहीं मिली। बेशक दीजिए हर सुविधा, पर एक जिम्मेदारी के साथ बच्चों को आत्मनिर्भर बनाते हुए। सहज, सुलभ मिली सहुलियत की उतनी कद्र नहीं होती। बच्चों की हर जायज़-नाजायड़ मांग को पूरा करना बच्चों को बिगाड़ देता है। बच्चे की हर मांग पूरी न करें, लेकिन ना करने का कारण भी उसे जरूर बताएं। समझाएं कि जिसकी वह मांग कर रहा है, वह वाकई जरूरी है भी या नहीं। बच्चों से खुलकर संवाद करें। उन्हें समय दें। अच्छे बुरे का फ़र्क समझाईये। पैसों की वैल्यू समझना बचपन से ही सिखाईये। एक उम्र के बाद बच्चों को वो समझ देनी जरूरी होती है कि पैसें पेड़ पर नहीं उगते, कितने बीस मिलाने पर सौ बनते है। भले आप करोड़ पति, या अरब पति हो। अगर बीस, बाईस साल के बेटे को आप स्कूटर या बाइक लाकर देते है तो इस शर्त के साथ दीजिए, कि देख बेटे लाख रुपये का बाइक लाकर देते है पर पेट्रोल भरवाने की जिम्मेदारी तेरी रहेगी, फिर जितना मज़ी चाहे घूमो। फ़ेरारी या मर्सिडीज भी दीजिये, पर इसी शर्त के साथ कि पेट्रोल का जुगाड़ भाई तू करेगा, ताकि बच्चों को जिम्मेदारी उठाने का महावरा हो और पैसों की कीमत भी समझ में आए। सच मानिए बेटा समय से पहले जिम्मेदार और समझदार बन जाएगा। यही बात बेटियों के लिए भी उतनी ही लागू होनी चाहिए। आगे की पढ़ाई से लेकर किसी भी चीज़ को आसानी से देने की बजाय एक जिम्मेदारी के साथ दीजिए कि अगर एयर हास्टेस बनना है, या फ़ेशन डिज़ायनर बनना है, तो पार्ट टाइम जॉब करके फ़ीस का जुगाड़ करना होगा। सच मानिए ये शिक्षा बेकार नहीं जाएगी! इसी बहाने बेटी आत्मनिर्भर बनकर अपने पैरों पर खड़ी होना सीख जाएगी, जो आजकल के ज़माने में बहुत ही जरूरी है।



बच्चों को हर सुविधा सहज हासिल करवाकर निर्माल्य मत बनाईये। तपने दीजिए संघर्ष के यज्ञ में, कुंदन की तरह निखर जाएँगे अगर बच्चों को ज़िंदगी की चुनौतियों से लड़ना सिखाना है, तो चार लोग सुनेंगे तो क्या कहेंगे वाले कथन को तोड़ मरोड़ कर दरिया में ड़ाल दीजिए।

बच्चों को खुद अपनी समस्याओं के बारे में जानने दीजिए और समस्याओं का हल निकालने दीजिए। बच्चों को यह बात गांठ बांध लेनी चाहिए कि हम गिरने से भी बहुत कुछ सीखते है। अपने दम पर गिरना, संभलना उसके बाद पाने की खुशी ही अलग होती है। बेशक आपका बच्चा पढ़ाई के साथ नौकरी करेगा तो लोग इधर-उधर की बातें करेंगे ही, ये देखिए फलाने भाई का बेटा बाप अरब पति है फिर भी नौकरी कर रहा है। ऐसी बातों को कान पर मत धरिए, बच्चों को हर परिस्थिति से लड़ने के काबिल बनाईये। वक्त कभी किसीका एक सा नहीं रहता, कभी-कभी वड़ूत इंसान पे ऐसा भी आता है राह में छोड़के साया भी चला जाता है, तब कम सुविधा में चलाना और अपने दम पर आगे बढ़ना बचपन से सीखा होगा तो ज़िंदगी के उतार चड़ाव में जूझना आसान रहेगा। बच्चों को ये हुनर सिखाना भी एक तरह का प्यार है, परवाह है और माँ-बाप की जिम्मेदारी भी। बच्चों को राजा-महाराजा सी ज़िंदगी देने के लिए तपस्वी की तरह पालिए। परवरिश ऐसी हो कि आगे जाकर अपने दम पर बच्चें ऐसे बनें कि, ज़िंदगी की तपिश उसे जला न पाए। हर परिस्थिति से उभरने में आसानी होगी और ज़िंदगी सहज लगेगी।

## चिटफंड चलाने वालों पर बड्स एक्ट के तहत् की जाएगी कार्यवाही : कलेक्टर

**पंकज त्रिपाठी, दैनिक पुष्पांजली टुडे**



भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने आज कलेक्टर कार्यालय भिण्ड के सभागार में एजेंटों की बैठक ली। बैठक में अपर कलेक्टर जेपी सैयाम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश खरपूसे, सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**कलेक्टर ने ली एजेंटो की बैठक**-कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने कहा कि ऐसी कई और जिले में चिटफंड कंपनी कार्य कर रही हों जो नया डिपॉजिट स्कीम लेकर जिले में हों तो उनकी जानकारी दें। कोई बिना रजिस्ट्रेशन और बिना किसी लायसेंस के डिपॉजिट ले रहा हो, कोई भी संदेह लग रहा हो तो पुलिस तथा कलेक्टर एवं अपर कलेक्टर कार्यालय में इसकी सूचना अवश्य दें। उसपर संज्ञान लेकर जांच करके कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने बड्स एक्ट के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जो रेगुलेटिड सोसायटी/क्रेडिट सोसायटी है। जिसमें पहले से ही आरबीआई, या कोई न कोई रेगुलेटरी एजेंसी द्वारा पंजीबद्ध है। अगर वो धोखाधड़ी कर रही है और हमारे संज्ञान में आता है। तो रेगुलेटर को जानकारी भेजी जाती है। और जहां अनरेगुलेटिड है और कोई डिपॉजिट ले रहा है अगर ऐसी कोई जानकारी मिलती है तो आप सभी सूचना दें। उसकी जांच कराई जाएगी और अगर जांच में वो वास्तव में अनरेगुलेटिड है तो उसपर तत्काल एफआईआर की जायेगी उसके बाद प्रॉपर्टी अटैचमेंट के संबंध में कार्यवाही की जायेगी।

## रक्तदान महादान निस्वार्थ सेवा

### पाली जिला स्थित-सुमेरपुर बाली भगवान महावीर अस्पताल में

**पुष्पांजलि टुडे। रिपोर्टर खंगारराम मुलेवा**



दो यूनिट रक्तदान करवा कर माली समाज की महिला की जान बचाई बाली सरकारी अस्पताल में भर्ती मुंडारा निवासी शोभा देवी माली आपातकालीन ऑपरेशन के लिए ए बी प्लस ब्लड की जरूरत पड़ने पर मरीज के परिजनों को कई जगह प्रयास किया व्यवस्था ना हो पाई ब्लड बैंक में ब्लड नहीं मिलने पर मुंडारा के दलपत माली ने रक्तदान टीम प्रदेश अध्यक्ष सुरेश माली गोयल और जिला प्रभारी संजय हीरागर को सूचना दी और जल्द से जल्द सबसे महंगा नहीं मिलने वाला ए बी प्लस ब्लड व्यवस्था करवाने को कहा प्रदेश अध्यक्ष में सादड़ी से कैलाश जी कंडारा और और कैलाश जी माली को सुमेरपुर भगवान महावीर अस्पताल भेजकर आपातकालीन दो यूनिट ए बी प्लस रक्तदान करवाया और महिला को नया जीवनदान दिया खून मिलने के बाद जिला प्रभारी प्रदेश अध्यक्ष और रक्त दाता का मरीज के परिजनों ने आभार जताया।

## सीएम हैल्पलाईन में लापरवाही बरतने वाले 8 अधिकारियों का सात दिवस का कटेगा वेतन

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



भिण्ड। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने सीएम हैल्पलाईन की लंबित शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बरतने वाले 8 अधिकारियों का कार्य नहीं तो वेतन नहीं के आधार पर सात-सात दिवस के वेतन जो माह अप्रैल 2023 में देय होगा से अन्य आदेश तक काटने एवं रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। जिन अधिकारियों का सात-सात दिवस के वेतन काटने/रोकने के निर्देश दिए हैं,उनमें सीएमओ रौन संतोष शिहरे, सीएमओ आलमपुर अमजद गनी, प्रबंधक एमपीईबी भिण्ड शहरी नीतीश कुमार, कनिष्ठ यंत्री एमपीईबी भिण्ड ग्रामीण मनोज कुमार श्रीवास्तव, कनिष्ठ यंत्री एमपीईबी ऊमरी वीरेन्द्र कुमार धुर्वे, विकास खण्ड चिकित्सा अधिकारी लहार डॉ शैलेन्द्र पाण्डेय, विकास खण्ड चिकित्सा अधिकारी मेहगांव डॉ मनीष शर्मा एवं समग्र सुरक्षा विस्तार अधिकारी नगर पालिका भिण्ड योगेन्द्र सिंह शामिल हैं।

## आदित्य सिंह सिकरवार जी को जिला अध्यक्ष मनोनीत किया



अखिल भारतीय पंचायत परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री सुबोध कांत सहाय संरक्षक पूर्व राज्यसभा श्री रविंद्र किशोर सिन्हा और राष्ट्रीय महामंत्री ध्यान पाल जी प्रदेश महामंत्री कौशलेंद्र सिंह जी के सहयोग से प्रदेश अध्यक्ष बहादुर सिंह तोमर जी ने आदित्य सिंह सिकरवार जी को जिला अध्यक्ष मनोनीत किया अपने इस मनोनयन पर आदित्य सिंह सिकरवार ने अपने वरिष्ठ नेतृत्व का आभार व्यक्त किया एवं आदित्य सिंह जी को उनके इष्ट मित्रों ने एवं प्रिय जनों ने बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं बधाई एवं शुभकामनाएं देने वालों में पुष्पेंद्र सिंह तोमर लोकेंद्र सिंह तोमर भीमसेन सिंह तोमर थरा मनमोहन सिंह तोमर विक्रम सिंह सिकरवार भानु सिंह तोमर सूरज सिंह तोमर चंद्रभान सिंह तोमर कुलदीप सिंह तोमर सूरत सिंह तोमर सिंह तोमर उदय प्रताप सिंह तोमर राहुल गुप्ता विशाल गुप्ता शुभम गुप्ता वैभव चौहान खुशबू सेंगर सोनम तोमर कृपाल सिंह तोमर प्रदीप तोमर राम दुलारे ओझा आनंद नरवरिया अजीत सिकरवार अंकित सिकरवार गोरे तोमर असलम खान सादिक खान आमिर खान पवन श्रीवास अन्य लोगों ने खुशी जाहिर की और शुभकामनाएं

# बुंदेलखण्ड की पूर्व स्टेट गुर्जर रजवाड़ा समथर के महाराजा

### श्रीमंत रणजीत सिंह जूदेव के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की, महाराजा समथर को अर्पित की श्रद्धांजलि

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

गोहद। 15 मार्च, बुधवार को जेल रोड स्थित गुर्जर भवन के प्रांगण में बुंदेलखण्ड की पूर्व स्टेट गुर्जर रजवाड़ा समथर के महाराजा श्रीमंत रणजीत सिंह जूदेव के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रीमंत रणजीत सिंह जूदेव का 79 वर्ष की उम्र में गत 8 मार्च को लखनऊ में निधन हो गया था। 9 मार्च को समथर में उनके पुत्र युवराज राजबहादुर समरजीत ड़सिंह जूदेव ने उनके पार्थिव शरीर को मुखाग्नि दी। वह छः बार विधायक, दो बार विधान परिषद सदस्य और उत्तर प्रदेश के गृहमंत्री के पद पर रहे। कार्यक्रम से गोरमी से आए कैप्टन अहिबरन सिंह गुर्जर ने कहा कि समथर स्टेट गुर्जरों का गौरव है । हमें अपने गौरव को अक्षुण्ण रखना होगा। एडवॉकेट गब्बर सिंह गुर्जर ने समथर राजवंश के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इनके पूर्वज बड़े वीर एवं पराक्रमी थे। सभा को संबोधित करते हुए एड. महेश सिंह गुर्जर ने कहा कि महाराजा रणजीत सिंह जूदेव का निधन गुर्जर समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। भिंड से कार्यक्रम में पधारे डॉ. धीरज सिंह गुर्जर, शिक्षक ने कहा कि महाराज साहब




हम सब के लिए एक प्रेरक व्यक्तित्व थे। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज के यश और कीर्ति को बड़ाने का प्रयास निरंतर करते रहना चाहिए। इसके अलावा ग्वालियर से पधारे एड. रणवीर सिंह गुर्जर , राजवीर सिंह गुर्जर जींगनी, जयेन्द्र सिंह सरपंच, जंडेल सिंह गुर्जर ग्वालियर, प्रमिला गुर्जर, पुरुषोत्तम बनौरिया, रोशन सिंह सचिव, नरेन्द्र सिंह चौधरी, रामप्रीत सिंह गुर्जर आदि ने भी अपनी वांगमय श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में सोबरन सिंह पटेल, राजेन्द्र सिंह गुर्जर, मेहताब सिंह गुर्जर, पूर्व नपा उपाध्यक्ष मलखान सिंह (मेम्बर), जवान सिंह सरपंच, सुरेश सिंह एडवोकेट, मंजेश गुर्जर, लक्ष्मी गुर्जर , अनीता गुर्जर, नपा पार्षद लाखन सिंह गुर्जर, बहादुर सिंह गुर्जर, शैलेन्द्र दशरथ सिंह गुर्जर, भूपेन्द्र सिंह सरपंच लहर, जयपाल सिंह कंसाना, रामबरन सिंह शिक्षक, गजेंद्र सिंह चौधरी, देवेंद्र सिंह गुर्जर शिक्षक, निरंजन सिंह कंसाना, दामो कंसाना, वीरेन्द्र सिंह शिक्षक, धर्मेन्द्र पटेल, बृजेन्द्र सिंह गुर्जर, रघुराज सिंह गुर्जर, राजवीर सिंह खरौआ, बृजराज सिंह, कृष्णा गुर्जर, नरेश सिंह आरोली, सुघर सिंह, महावीर सिंह, गुरदीपसिंह, आदि ने विशेष रूप कार्यक्रम में सम्मिलित होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

## बालाघाट में 4 लाख 32 हजार 871 महिलाओं का किया गया सर्वे

**पुष्पांजली टुडे न्यूज बालाघाट**

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की पहल पर प्रदेश में महिलाओं के सर्वांगीण विकास, आर्थिक स्वालम्बन, स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार को बनाए रखने एवं महिलाओं की परिवार में निर्णय की भूमिका सुदृढ़ किए जाने के लिए दिनांक 05 मार्च 2023 से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना में 23 से 60 वर्ष आयु की पात्र महिलाओं को हर माह 01 हजार रुपये की राशि दी जायेगी। इस योजना के लिए पात्र महिलाओं को चिन्हित करने का कार्य जिले में 07 मार्च से प्रारंभ कर दिया गया है। आज 16 मार्च तक जिले की 04 लाख 32 हजार 871 महिलाओं का सर्वे कार्य पूर्ण कर लिया गया है। सर्वे का कार्य 17 मार्च को भी किया जायेगा।

सर्वे के दौरान जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में सभी परिवारों का सर्वे किया जा रहा है। 16 मार्च तक जिले के ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों के 04 लाख 18 हजार 546 परिवारों की 04 लाख 32 हजार 871 महिलाओं का सर्वे किया गया है। सर्वे में पाया गया है कि इनमें से 23 से 60 वर्ष आयु वर्ग की 03 लाख 94 हजार 940 महिलायें है। इनमें से 7685 महिलाओं के पास समग्र आईडी नहीं है। 21 हजार 392 महिलाओं की समग्र आईडी में विवाहिता की स्थिति अपडेट नहीं है। 01 लाख 38 हजार 420 महिलाओं के समग्र आईडी की ईकेवायसी नहीं है। 18 हजार 806 महिलाओं का स्वयं का बैंक खाता नहीं है। 78 हजार 864 महिलाओं के बैंक खाते आधार नंबर से लिंक नहीं है। 01 लाख 16 हजार 393 महिलाओं के बैंक खाते डीबीटी के लिए उपयुक्त नहीं है। 5426 महिलाओं के परिवार के पास 05 एकड़ जमीन है। 8709 महिलाओं के परिवार के पास चार पहिया वाहन है। 6327 महिलाओं के परिवार के सदस्य आयकर दाता है। 5215 महिलाओं के परिवार की वार्षिक आय 2 लाख 50 हजार रुपये से ज्यादा है। इस



योजना में अब तक 03 लाख 79 हजार 19 महिलायें पात्र पायी गई है। पात्र महिलाओं के समग्र आई डी अपडेट करने के साथ ही उनके बैंक खाते को आधार नंबर से लिंक कराने एवं डीबीटी के उपयुक्त करने का कार्य कराया जा रहा है। योजना के लिये 25 मार्च से आवेदन भरे जायेंगे। लाड़ली बहनों के खातों में 10 जून से राशि का अंतरण प्रारंभ होगा। प्रत्येक माह की 10 तारीख को लाड़ली बहनों के खाते में पैसे जमा होंगे। यह योजना ढाई लाख रूपये तक की सालाना आय वाले परिवार की बहनों के लिए है। इसमें जाति धर्म का कोई बंधन नहीं है। 05 एकड़ से कम कृषि भूमि एवं जिस परिवार में कोई सदस्य आयकर दाता नहीं है उस परिवार की महिला को इस योजना में लाभ मिलेगा। जिसके परिवार का कोई सदस्य वर्तमान या भूतपूर्व सांसद, विधायक हो, जिसके परिवार का कोई सदस्य स्थानीय निकाय में निर्वाचित जनप्रतिनिधि (पंच एवं उप सरपंच को छोड़कर) हो उसे इस योजना में लाभ नहीं मिलेगा।

**आय, जाति, मूल निवासी प्रमाण पत्र एवं बैंक खाता नहीं देना है**-मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में पात्रता रखने वाली महिलाओं से अपील की गई है कि वे अपना आय, जाति एवं मूल निवासी प्रमाण पत्र बनाने के लिए लोक सेवा केन्द्रों पर आवेदन ना करें। क्योंकि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के आवेदन में इन प्रमाण पत्रों की कोई जरूरत नहीं है। आवेदक महिला को आवेदन पत्र में ही अपना आय एवं मूल निवासी के घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर करना होगा। आवेदक महिला को आवेदन के समय पर अपनी फोटो एवं बैंक पासबुक भी लेकर नहीं आना है। आवेदक महिला की फोटो आवेदन के समय ही मौके पर ली जायेगी। आवेदन पत्र में आवेदक महिला को अपना आधार नंबर देना होगा, बैंक खाता नंबर देने की जरूरत नहीं है। इस योजना की एक हजार रुपये की राशि शासन द्वारा महिला के आधार नंबर से लिंक बैंक खाते में हस्तांतरित कर दी जायेगी। आवेदक महिला का अपना स्वयं का व्यक्तिगत बैंक खाता नंबर होना चाहिए, जो उसके आधार नंबर से लिंक हो। आवेदक महिला के समग्र आईडी की ई-केवायसीहोना अनिवार्य है। जिन आवेदक महिलाओं के समग्र आईडी का ई-केवायसी नहीं हुआ है वे अपने पंचायत के सचिव या नगरीय क्षेत्र में वार्ड प्रभारी के पास जाकर ई-केवायसी करा सकते है।

## बोर्ड परीक्षा में उड़न दस्ते ने घोटी में 01 एवं चरेगांव में 01 नकल प्रकरण बनाया

**पुष्पांजली टुडे न्यूज बालाघाट**

जिले में संचालित हाईस्कूल सर्टिफिकेट मुख्य परीक्षा में कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार जिला शिक्षा कार्यालय के श्री जी.डी.नाईक, सहायक संचालक एवं डॉ एम.के.शर्मा, योजना अधिकारी के नेतृत्व वाले उड़न दस्ते द्वारा आज 16 मार्च को विभिन्न परीक्षा केंद्रों का सघन निरीक्षण किया गया। उड़न दस्ते द्वारा 12 वीं के राजनीति शास्त्र के प्रश्नपत्र में घोटी विकासखंड लालबर्रा में दो और चरेगांव, विकासखंड बालाघाट में एक नकल प्रकरण बनाया गया है। वहीं परीक्षा केंद्रों में केंद्राध्यक्षों, सहायक केंद्राध्यक्षों, पर्यवेक्षकों और परीक्षा में लगे अन्य कर्मचारियों के भी मोबाइल स्विच ऑफ कर अलमारी में बंद रखने के सख्त निर्देश दिए हैं। शेष अन्य परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा का संचालन बोर्ड परीक्षा के निर्देशानुसार देखा गया।



## वारासिवनी में लगभग 01 करोड़ रुपये की भूमि अतिक्रमण से मुक्त करायी

**पुष्पांजली टुडे न्यूज बालाघाट**



वारासिवनी में नहर किनारे की शासकीय भूमि पर किये गये अतिक्रमण को सख्ती से हटाया गया है। अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के दौरान एसडीएम के सी बोपचे, तहसीलदार राजेन्द्र टेकाम, राजस्व विभाग की अमला एवं पुलिस अधिकारी मौजूद रहे और शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। एसडीएम श्री बोपचे ने बताया कि आज की कार्यवाही में लगभग 01 करोड़ रुपये मूल्य की शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया है। इस कार्यवाही में नहर किनारे की शासकीय भूमि पर बनाई गई बाउंड्रीवाल एवं अन्य पक्के निर्माण कार्य को जेसीबी मशीन से हटाया गया है। यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

## एन.एस.एस. के नेशनल कैंप में शिखा शर्मा करेंगी मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व



**अम्बाह।** अम्बाह स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बाह बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा एवं एनएसएस की सीनियर वॉलंटियर कु. शिखा शर्मा राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) के राष्ट्रीय एकता शिविर में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। यह शिविर दिनांक 18 मार्च से 24 मार्च 2023 तक गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी बिलासपुर में आयोजित हो रहा है। इस शिविर के लिए छात्रा का चयन जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर द्वारा किया गया। शिखा थरा गांव की रहने वाली हैं, जो प्रतिदिन कॉलेज पड़ने आती हैं और एनएसएस के आयोजन में शिक्षा के साथ साथ समाज सेवा के लिए काम करती हैं। छात्रा की इस उपलब्धि पर जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर के एनएसएस कॉर्डिनेटर प्रो रविकांत अदालतवाले, एनएसएस जिला संगठक डॉ. शशिवल्लभ शर्मा, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शिवराज सिंह तोमर एवं महाविद्यालय एवं जिले के रासेयो परिवार ने बधाई दी है।

## हजारों की जनसंख्या में कार्यकर्ताओं द्वारा धूमधाम से मनाया भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी का जन्मदिन



**भिंड।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी संतोष सिंह भदोरिया द्वारा बताया गया कि मेहगांव मे पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक चौधरी मुकेश सिंह चतुर्वेदी जी का 56वां जन्मदिन शिवशक्ति मैरिज गार्डन में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा धूमधाम से मनाया गया। इसमें भारतीय जनता युवा मोर्चा के गोरमी मंडल अध्यक्ष अरविंद बरुआ, मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक, मेहगांव विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्ष, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अतुल रमेश पाठक, जिला अध्यक्ष देवेंद्रसिंह नरवरिया जी इसी प्रकार जिले के सभी मोर्चों के जिलाध्यक्ष एवं जिला पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य एवं अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष अशफाक खान अपने साथियों के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी का जन्मदिन पुष्प वर्षा, माल्यार्पण एवं मिठाई खिलाकर धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश चौधरी ने कहा कि जो प्यार एवं स्नेह मेरे जन्मदिन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिया, उसके लिए जीवन भर आभारी रहूंगा। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्रों से भी आए हुए कार्यकर्ताओं वह सभी पदाधिकारियों ने अपने साथियों के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश चौधरी के जन्मदिन पर उनके दीर्घायु की कामना की एवं माल्यार्पण कर जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर व्यवस्था देख रहे गोरमी से दिनेश यादव, पार्षद मुकेश यादव, ठकुरी यादव मेहगांव से राजा चौधरी, भिण्ड से राधे कृष्ण शर्मा जिला मंत्री, आदि लोग व कार्यकर्ता अलग अलग भिण्ड जिले के मंडलों से से उपस्थित रहे।

## एन एस एस के स्वयंसेवकों ने निकाली नशा मुक्ति पर रैली

**केशब पंडित जी पुष्पॉजली ब्यूरौ**




**अम्बाह**...अम्बाह स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने ग्राम तोर में नशा मुक्ति पर रैली निकालकर ग्रामीण जनों को नशा मुक्ति का संदेश दिया। बता दें कि महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम तोर में आयोजित हो रहा है। शिविर के चौथे दिन राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविरार्थीयों ने गांव में रैली का आयोजन किया, जिसमें नशा मुक्ति का संदेश दिया गया। विद्यार्थी नशा मुक्ति के स्लोगन बोलते हुए जा रहे थे उनके इस कार्य को देखकर सभी ग्रामीण जनों ने इस संदेश को न केवल सुना बल्कि उनकी भूरी भूरी प्रशंसा की। रैली का नेतृत्व राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी पंकज भदौरिया व डॉ.पूर्णिमा अग्रवाल ने किया। रासेयो के जिला संगठक डॉ. शशिवल्लभ शर्मा ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## लहार थाना पुलिस के हत्ते चढ़ा एनएसए का आरोपी

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**



लहार। भिंड पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान एवं अतरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश खरपूसे के निर्देशन में व एसडीओपी लहार अवनीश बंसल के मार्गदर्शन में चलाये जा रहे धर पकड़ अभियान के तहत लहार थाना प्रभारी वरुण तिवारी को सूचना मिली कि एनएसए का फरार आरोपी जो अभी लहार क्षेत्र में बारदात की नीयत से घूम रहा है।जिसकी तस्तीक करते हुए तुरन्त टीम बनाकर दबिस दी गयी और मुखबिर के बताए स्थान को घेरकर आरोपी को पकड़ लिया पकड़े गए।आरोपी पर लहार थाने में अपराध,क्र.134/6,162/6,231/6,194/8,112/9,222/9,183/10,76/11,77/11,55/13,153/18,49/21 कुल मिलाकर 12 अपराध दर्ज है। जिसको पकड़कर माननीय न्यायालय में पेश कर हबालत सुपुर्द किया।लहार थाना निरीक्षक वरुण तिवारी की टीम में उप निरीक्षक मदन सिंह, सउनि दीवान सिंह,आरक्षक अरविन्द्र भदौरिया,आरक्षक श्याम व आरक्षक भोला परस्ते की शराहनीय भूमिका रही।






# हिंदी का वैश्विक आकाशदीप विलुप्त

डॉ. वेद प्रताप वैदिक एक ऐसा ब्रांड नेम बन गया था जो हिंदी के कई अख़बारों में हर रोज़ सुर्ख़ियां बटोर रहा था। उनकी अनुपस्थिति से अख़बारों के उन क़ालमों की भरपाई निस्संदेह अन्य आलेखों से हो जाएगी मगर उनके अचानक देहावसान से पत्रकारिता और हिंदी जगत में जो रिक्तता पैदा हुई है उसकी भरपाई हो पाना आज तो नामुमकिन ही लगता है। हां, उनके अनेक उन पाठकों को भी वैदिक जी के क़ालम की कमी खटकेगी जिन्हें उनके चिंतन, उनकी शैली का स्वाद (ठेठ भाषा में कहें तो चस्का) पड़ चुका है।

उम्र के आठवें दशक में भी युवा पत्रकार की माफ़िक़ सक्रिय रहने वाले स्तंभकार डॉ़ वेद प्रताप वैदिक को हिंदी के लिये सड़क से लेकर संसद तक अभियान चलवाने व सफलता पाने के मानकों के तौर पर देखा जाता है। यह उनके ऋषि कर्म, उनकी गहन साधना का प्रताप ही था कि इस आयु में भी वह किसी बड़ी बीमारी से दूर थे। प्रतिदिन किसी नये मुद्दे पर गहरी समझ रखना, विदेशी मामलों पर त्वरित टिप्पणी करना उनकी दक्षता का अजूबा ही कहा जाएगा। दुनिया के अस्सी से ज्यादा देशों की यात्रा करने तथा अमेरिका, रूस व अफगानिस्तान में शोध करने वाले वैदिक के ज़ेहन में वैश्विक मसलों के प्रमाणिक तथ्य कूट-कूट कर भरे थे।



यूं तो वैदिक जी से कई मुलाकातें हुईं। दैनिक ट्रिब्यून में सम्पादक के रूप में पहली पारी में मेरा संवाद और सम्पर्क उनसे निरंतर होता रहा। नयी तकनीक के दौर में भी उनके हस्तलिखित आलेख भी मैंने सिर-माथे लिये और प्रमुखता से उन्हें प्रकाशित किया। एक मौक़े पर अपने एक परिचित लेखक की पुस्तक विमोचन के लिये मैंने उन्हें चंडीगढ़ बुलाया तो वे सहर्ष तैयार भी हुए। मुझे याद है कि सेक्टर-19 के मेरे घर भी वे आये। खाने-पीने के मामले में बेहद संयमित वैदिक जी ने सिर्फ फलाहार ही किया था। ऐसी तमाम यादें भूले नहीं भुलायी जातीं।

वास्तव में वैदिक जी की पत्रकारिता-यात्रा जीवन भर अध्ययन व संघर्ष में ही गुजरी। इंदौर में जन्मे और फिर दिल्ली को अपनी कर्मस्थली बनाने वाले वैदिक ने एक प्रूफ रीडर के रूप में अपनी पत्रकारिता की पारी शुरू की। फिर नवभारत टाइम्स में एक दशक से अधिक समय तक सहायक संपादक व संपादक (विचार) के रूप में काम करने के बाद पीटीआई की हिंदी सेवा 'भाषा' के संपादक हुए। वास्तव में वैदिक जी ने हिंदी पत्रकारिता को स्वाभिमान देकर उसे समृद्ध ही किया।

बेहद मुश्किलों के बीच जीवन की शुरुआत करने के बाद वैदिक उस ऊंचाई तक पहुंचे जहां शायद ही कोई दूसरा पहुंच पाये।

जब वे जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में पीएचडी कर रहे थे तो विभाग ने अंतर्राष्ट्रीय मामलों में थीसिस हिंदी में लेने से मना कर दिया। उनसे कहा गया कि शोध प्रबंध अंग्रेजी में जमा करायें। वैदिक पीछे हटने को तैयार न थे। जेएनयू के स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज डिपार्टमेंट ने उनकी स्कॉलरशिप रोक दी। फिर उनका संघर्ष शुरू हुआ और मामले की गूंज संसद के गलियारों तक पहुंची। तमाम राजनेता खासकर समाजवादी नेता उनके पक्ष में खड़े हुए। तब डॉ. राममनोहर लोहिया, मधु लिमये, आचार्य कृपलानी, अटल बिहारी वाजपेयी, चंद्रशेखर आदि नेताओं ने वेद प्रताप वैदिक के समर्थन में जोरदार ढंग से आवाज उठायी। वर्ष 1967-68 में संसद में खूब हंगामा हुआ। बाद में सरकार के हस्तक्षेप के बाद विश्वविद्यालय के नियमों में बदलाव हुआ। सही मायनों में वे देश में हिंदी आंदोलन का चेहरा बनकर उभरे। बताते चलें कि उन्होंने सिर्फ तेरह साल की उम्र में भी हिंदी के लिये सत्याग्रह किया था और जेल भी गये।

डॉ. वैदिक ने पिछले पांच दशक में हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने के लिये कई आंदोलन चलाये। उन्होंने एक छोटी पत्रिका के जरिये भी हिंदी के स्वाभिमान की मुहिम चलायी। वे लोगों को समझाने में कामयाब हुए कि अपनी भाषा में किया गया काम बेहतर हो सकता है। अपनी किताब के जरिये तर्कों के साथ उन्होंने आम लोगों को यह बात समझाने का काम किया। उनका मानना था कि यदि पढ़ाई व नौकरी हिंदी में मिल रही होती तो देश में आरक्षण की जरूरत ही न रहती।

अंतर्राष्ट्रीय मामलों के जानकार के नाते उन्हें सम्मान के नजरिये से देखा जाता रहा है। यह बात दीगर है कि सभी राजनीतिक दलों से संबंध रखने तथा बेबाक तेवरों की वजह से लगभग सभी सरकारों ने उन्हें महत्वपूर्ण पद देने से परहेज किया। हालांकि, उनसे मिलने वाले मुख्यमंत्रियों व नेताओं की लाइन लगी होती थी। पी.वी. नरसिम्हाराव सरकार में उनकी गहरी पहुंच थी, मगर उन्होंने कोई अनुचित लाभ नहीं उठाया। वैसे वैदिक को लेकर कुछ विवाद भी सामने आये। साल 2014 में जब वैदिक पाकिस्तान गये तो वे मुंबई हमलों के मास्टर माइंड तथा लश्कर-ए-तैयबा के सर्वेसर्वा हाफिज सईद का इंटरव्यू लेने भी पहुंचे। जिस पर भारत में बवाल भी मचा। उनके खिलाफ मुहिम भी चली और कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई। हालांकि, बाद में उन्होंने स्पष्ट भी किया कि उनकी यह मुलाकात अचानक हुई, पहले से इसकी कोई योजना नहीं थी। वे कहते रहे कि वे सईद को भारत की जनता के विचारों से अवगत कराना चाहते थे। उन्हें हिंदी व पत्रकारिता के लिये कई सम्मान भी मिले। हिंदी को मौलिक चिंतन की भाषा बनाने के लिये उन्हें देश में याद किया जाता रहेगा। वैसे वे हिंदी के अलावा फारसी, जर्मन, संस्कृत व रूसी भाषा के भी जानकार थे। शुरू में वे नरेंद्र मोदी के प्रशंसक भी थे लेकिन फिर उनका मोहभंग हो गया। सच्चाई तो यह है कि विदेश मामलों में उनके अनुभव का देश ने धरातल पर कोई ज्यादा लाभ नहीं उठाया। अफगानिस्तान व पाकिस्तान समेत दक्षिण एशिया के मामलों में उन्होंने जिस दक्षता से लिखा, वैसा किसी दूसरे के लिये शायद ही संभव हो।

बहरहाल, जिन हालात में वैदिक जी का देहावसान हुआ, वह निश्चय ही दुखद है। हालांकि वह कुछ समय पहले पत्नी के निधन के बाद अकेलापन महसूस कर रहे थे मगर इसके बावजूद वह अपने ऋषि कर्म पर अडिग बने रहे। देश के सैकड़ों पत्रकारों के साथ वे दोस्ताना व्यवहार करते थे। विचारों की गंभीरता को उन्होंने अपने व्यवहार में हावी नहीं होने दिया। जीवन के अंतिम दौर में वह दक्षिण एशिया के देशों की जनता व भारत के लोगों के बीच संवाद के नये मौके तलाश रहे थे। इसके लिये उन्होंने जनदक्षेस मुहिम की शुरुआत भी की। एक बात तो साफ थी कि वे समाजवादियों व दक्षिणपंथियों में बराबर लोकप्रिय रहे। किसी व्यक्ति या दल से मतभेद के बाद भी संबंधों को सहज व सरल बनाने का गुण था उनमें। बहरहाल, हिंदी पत्रकारिता के क्षितिज पर एक बेबाक, निर्भीक, निष्पक्ष पत्रकार के रूप में उनकी छवि दैदिप्यमान रहेगी। ऐसी महान

## संपादकीय

### ईडी की कार्रवाई से बिहार भाजपा की उम्मीद

बिहार में भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की उम्मीद बहुत बढ़ गई है। लालू प्रसाद के परिवार के खिलाफ और खासतौर से उनके बेटे और राज्य के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के खिलाफ हुई कार्रवाई से भाजपा को अपने लिए संभावना दिख रही है। जमीन के बदले नौकरी के मामले में तेजस्वी के यहां प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने छापा मारा और उससे सीबीआई ने उनको पूछताछ के लिए बुलाया तो अब बिहार भाजपा के नेताओं को लग रहा है कि वे गिरफ्तार हो सकते हैं। ऐसे में राजद के नेता हर हाल में तेजस्वी को गिरफ्तारी से बचाने का प्रयास करेंगे तो नीतीश कुमार उनसे दूरी बनाने का प्रयास कर सकते हैं। इस बीच बिहार भाजपा के नेताओं ने दोनों पार्टियों में फूट डालने का प्रयास शुरू कर दिया है।बिहार भाजपा के सबसे बड़े नेता और राज्यसभा सांसद सुशील मोदी ने एक के बाद एक कई ट्विट करके कहा कि तेजस्वी के यहां छापा मारे जाने और उनकी गिरफ्तारी की संभावना से जदयू खेमे में जश्न का माहौल है। वे बता रहे हैं कि जदयू नेता तेजस्वी की गिरफ्तारी की आस लगाए बैठे हैं ताकि उनके पकड़े जाने के बाद नीतीश कुमार की 2025 तक की राह निष्कंटक हो जाए। असल में भाजपा को लग रहा है कि इस मसले पर दोनों पार्टियों में 2017 की तरह दूरी बनती है तो नीतीश फिर एनडीए खेमे में लौट सकते हैं। नीतीश के अपने करीबी लोग भी ऐसा ही चाहते हैं। ध्यान रहे भाजपा पहले भी कह चुकी है कि नीतीश कुमार की इसी शर्त पर एनडीए में वापसी होगी कि वे बिहार में भाजपा का मुख्यमंत्री बनवाएं। ध्यान रहे समूची हिंदी पट्टी या उत्तर, मध्य और पश्चिम भारत में बिहार इकलौता राज्य है, जहां भाजपा का मुख्यमंत्री नहीं बना है। इस बार भाजपा के नेता इसकी उम्मीद कर रहे हैं।

### बड़े संकट की शुरुआत

इस घटना का असर लीमैन ब्रदर्स के फेल होने जैसा होगा या नहीं, इस बारे में कुछ कहना अभी जल्दबाजी होगी। लेकिन एक बबूला जरूर फूटा है, जिसका कम से कम स्टार्ट अप सेक्टर पर तो बहुत बुरा असर होगा।अमेरिका की विनियामक संस्था का सिलिकॉन वैली बैंक (एसवीबी) को बंद कर देने के फैसले से पूरी दुनिया के वित्तीय बाजारों को गहरा झटका लगा है। आशंका है कि इसके साथ ही दुनिया में एक बड़े वित्तीय संकट की शुरुआत हो गई है। इस घटना का असर 2008 में लीमैन ब्रदर्स के फेल होने जैसा होगा या नहीं, इस बारे में कुछ कहना अभी जल्दबाजी होगी। लेकिन यह तो तय है कि इसके साथ एक बबूला फूटा है, जिसका अधिक नहीं तो कम से कम स्टार्ट अप सेक्टर पर बहुत बुरा असर होगा। जो स्टार्ट अप्स प्रभावित होंगे, उनमें कई भारतीय भी हैं। इसकी वजह यह है कि इस बैंक ने स्टार्ट अप्स को ऋण देने के मामले में अपना प्राथमिकता क्षेत्र बना रखा था। लेकिन पिछले साल से अमेरिका के केंद्रीय बैंक-फेडरल रिजर्व ने ब्याज दरों में वृद्धि की नीति अपनाई है, जिससे 2008 से 2020 तक चले ईजी मनी के दौर पर विराम लग गया है। नए दौर में दीर्घकालिक प्रतिभूतियों (सिक्युरिटीज) में किए गए निवेश पर भारी नुकसान हो रहा है।सेवीबी ने 91 बिलियन डॉलर की रकम का निवेश ऐसी प्रतिभूतियों में किया था। शेयर बाजार में गिरावट के कारण वह रकम 15 बिलियन डॉलर घट चुकी है। नतीजतन, बैंक के लिए अपनी वचनबद्धताओं को पूरा करना कठिन हो गया है। शेयर बाजार के उछाल के दिनों में जमाकर्ताओं की रकम का निवेश परिसंपत्तियों को रिकॉर्ड ऊंचाई तक ले गया था। लेकिन अब ये सारी परिघटना पलट चुकी है। और यह कहानी सिर्फ एसवीबी की नहीं है। फेडरल रिजर्व ने जब ब्याज दरों में बढ़ोतरी शुरू की, तो कई अर्थशास्त्रियों ने इसका ऐसा नतीजा होने को लेकर चेतावनी दी थी। लेकिन फेडरल रिजर्व की प्राथमिकता मुद्रास्फीति पर नियंत्रण है, जिसके तहत वह ब्याज दर में वृद्धि की नीति पर आगे बढ़ रहा है। इस नीति से पहले बहुत से विकासशील देशों का कर्ज संकट, फिर खुद अमेरिका में होम लोन और क्रेडिट कार्ड ऋण से उपभोक्ता दबाव में आए, और अब यह बात बड़े बैंकों तक पहुंच गई है। और धीरे-धीरे इसका असर सारी दुनिया में फैल जाने का अंदेशा है।

# अमेरिकी बैंक के दिवालिया होने के मायने

कैलिफोर्निया स्थित अमेरिका के 40 साल पुराने और स्थापित सिलिकॉन वैली बैंक के दिवालिया होने के बाद सिल्वर गेट और सिग्नेचर बैंक भी डूब चुके हैं। इन बैंकों के दिवालिया होने के बाद उन सभी छोटे अमेरिकी बैंकों पर भी संकट के बादल मंडराने लगे हैं, जिनका व्यवसाय इन बैंकों के साथ जुड़ा हुआ है। अमेरिका के बैंकिंग सेक्टर की मुश्किलें बहुत बढ़ गई हैं। आर्थिक जगत के विद्वान अचंभित हैं। दुनियाभर के शेयर बाजार सहमे हुए हैं। बैंक के प्रदर्शन और क्रेडिट गुणवत्ता के आधार पर फरवरी, 2023 में सिलिकॉन वैली बैंक को फोर्ब्स ने 100 सर्वश्रेष्ठ बैंकों की वार्षिक सूची में शीर्ष 20 में स्थान दिया था। करीब 44 प्रतिशत तकनीकी और स्वास्थ्य क्षेत्र की कंपनियों के साथ कारोबार करने वाले इस बैंक के शेयर की कीमत डॉलर से भी अधिक थी। कुल 210 अरब डॉलर का कारोबार एवं 175.4 अरब डॉलर (दिसंबर, 2022 में) की जमापूंजी वाला सिलिकॉन वैली बैंक अर्श से फर्श पर है। आखिर ऐसा क्या हुआ कि दुनियाभर के तकनीकी आधारित नये स्टार्टअप्स को वित्तीय सहारा देने वाला सिलिकॉन वैली बैंक डूब गया? कुछ विद्वानों ने आशंका व्यक्त की कि 2008 में आ चुकी मंदी पुनः खुद को दोहराएगी। जमाकर्ताओं की बड़ी धनराशि डूबने का असर होगा कि ये कंपनियां अपने कर्मचारियों को उनका वेतन नहीं दे पाएंगी, जिससे लोगों की नौकरी चली जायेगी।




अमेरिका सहित विश्व के वित्तीय बाजार में स्थितियां और अधिक खराब होने से बचाने के लिए अमेरिका के केन्द्रीय फेडरल बैंक ने जमाकर्ताओं को विश्वास दिलाया है कि उनकी जमापूंजी सुरक्षित रहेगी।

यह समझना महत्वपूर्ण होगा कि आखिर यह बैंक डूबा क्यों? बैंक हमेशा लेन-देन पर चलता है। जब बैंक अपने ऋणों पर तो दो से तीन प्रतिशत ब्याज लेगा और अपने जमाकर्ताओं को 5 प्रतिशत ब्याज का भुगतान करेगा तो वह बैंक असफल होगा ही। कुछ ऐसी स्थितियां सिलिकॉन वैली बैंक के साथ हुई। बढ़ती महंगाई रोकने को फेडरल बैंक ने बीते कई महीनों से ब्याज दरों को बढ़ाना शुरू कर दिया था। ब्याज दरों में निरंतर वृद्धि का दोहरा प्रभाव हुआ। पहला, निवेशकों विशेष रूप से स्टार्टअप्स का व्यवसाय के प्रति आकर्षण कम होने लगा। पिछले 12 से 15 महीनों में आसमान छूती महंगाई दरों के बीच स्टार्टअप्स की तेजी में गिरावट होने लगी। जिसका प्रभाव सिलिकॉन वैली बैंक के व्यवसाय पर भी पड़ने लगा। ऋण वापसी की दर बहुत कम हो गई। दूसरी ओर, कोरोना उपरांत परिस्थितियों में अपने को बाजार में बनाए रखने के लिए स्टार्टअप्स कंपनियों ने बैंक से अपनी जमा पूंजी निकालनी शुरू कर दी। पैसा लौटाने को सिलिकॉन वैली बैंक को अपने बांड बेचने पड़े। फाइनेंशियल टाइम्स के अनुसार बैंक के 91 अरब डॉलर के बांड्स की कीमतों में करीब 15 अरब डॉलर की गिरावट आ गई। जब बैंक अपनी सबसे सुरक्षित संपत्ति नुकसान में बेचता है, तो इसका अर्थ है कि वह नगदी संकट का सामना कर रहा है। जिसका दुष्परिणाम सिलिकॉन वैली बैंक दिवालिया होने के रूप में सामने है।

अमेरिका के 16वें सबसे बड़े सिलिकॉन वैली बैंक के दिवालिया होने का असर 92 से अधिक उन भारतीय स्टार्टअप्स पर भी होगा, जिनका खाता इस बैंक में है। इस बैंक का एक ऑफिस बंगलौर में भी है जो स्टार्टअप्स व्यवसाय को बढ़ाने के लिए अपने यहां खाता खोलने को प्रेरित करता था। यह बैंक अपनी लचीली कार्यप्रणाली के चलते दुनियाभर के स्टार्टअप्स के लिए सबसे पसंदीदा विकल्पों में से एक है। यही कारण है कि सिलिकॉन वैली में हर तीसरा स्टार्ट-अप भारतीय अमेरिकियों का रहा है। भारत में बढ़ने वाले यूनीकार्न की संख्या में इस बैंक का भी बड़ा योगदान रहा है। अनुमान के अनुसार पिछले अक्तूबर में भारतीय स्टार्टअप्स ने 150 मिलियन डॉलर पूंजी जुटाई थी। मौजूदा परिस्थितियों ने ब्ल्यूस्टोन, नापतोल, कार वाले, शादी, इनमोबी, लॉयल्टी रिवार्ड्ज आदि स्टार्टअप्स के मन में अनिश्चितता भाव बढ़ा दिया।

सिलिकॉन वैली बैंक के असफल होने से भारत के स्टार्टअप्स का वर्तमान और भविष्य भी मुश्किल में है। सरकार इन स्टार्टअप्स को बचाने को इनके साथ खड़ी है, जिससे भविष्य में हालात के बिगड़ने पर स्थिति को संभाला जा सके। सूचना और प्रौद्योगिकी केन्द्रीय राज्य मंत्री राजीव चंद्र शेखर ने ट्वीट में कहा कि स्टार्टअप भारतीय अर्थव्यवस्था का जरूरी हिस्सा हैं। उनसे जानने का प्रयास किया जाएगा कि सरकार उनकी मदद कैसे कर सकती है। वहीं भारत सरकार और आरबीआई को मंथन करना होगा कि आखिर भारतीय स्टार्टअप्स देश के बाहर के बैंकों की तरफ रुख क्यों करते हैं? क्या इनको अपनी बैंकिंग व्यवस्था से नहीं जोड़ सकते हैं?

भारत की दृढ़ बैंकिंग व्यवस्था एवं आरबीआई द्वारा विनियमित होने के कारण सिलिकॉन वैली बैंक के दिवालिया होने का भारतीय बैंकों पर कोई गहरा प्रभाव नहीं पड़ेगा। भारत में एनपीए स्तर नियंत्रण में है। महंगाई नियंत्रित करने के लिए आज आरबीआई की लचीली मौद्रिक नीति की प्रशंसा की जा रही है।

सिलिकॉन वैली बैंक एवं अन्य अमेरिकी बैंकों के असफल होने से 2008 की तरह मंदी के आने की संभावनाएं बहुत ही कमजोर हैं। क्योंकि 2008 की तुलना में आज विश्व बेहतर आर्थिक स्थिति में है। फेडरल बैंक का निरंतर प्रयास रहेगा कि अतिशीघ्र इस वित्तीय संकट को सुलझाया जाए। जिससे उसकी उपस्थिति आर्थिक शक्ति के रूप में बनी रहे। इसके बावजूद यह एक वैश्विक वित्तीय संक्रमण है, जिसके लिए भारत के नीति-निर्माताओं को सतर्क रहना होगा।

# बेगानी शादी में मुनाफे के दीवाने

भारत शादी प्रधान देश है, इसके धंधे भी शादी प्रधान हैं, सोना, कपड़े आदि का बड़ा कारोबार शादियों से है। बैंड-बाजा, होटल, रिसोर्ट, शराब वगैरह के धंधों का घणा ताल्लुक शादियों से है। इधर एक नया धंधा चल निकला है, प्री-वेडिंग शूट। इसमें दूल्हा-दुल्हन आपस में मिलकर उन हरकतों के फोटो खिंचाते हैं, जिन हरकतों की परमिशन पहले शादी के बाद होती थी, वो भी पब्लिक में नहीं। ऐसे कई बुजुर्ग मिलेंगे, जो यह कह सकते हैं कि जिस तरह की हरकतें करते युवा प्री-वेडिंग शूटिंग में दिखते हैं, वैसी हरकतें तो उन्होंने शादी के बाद भी नहीं कीं। वक्त वक्त की बातें हैं, अब सब कुछ प्री यानी पहले ही हो रहा है। अधर स्पर्श व आलिंगन ये सब प्री-वेडिंग शूट में करना सिर्फ अलाऊ ही नहीं होता, बल्कि इन्हें प्रमोट किया जाता है। जोड़ा शादी के बाद चैन से रहे, प्रेम से रहे, यह माना जाता है। फिर काहे इतनी जल्दी मची रहती है?



शायद खतरा होने लगा है कि क्या पता शादी के अगले ही दिन चकर-चकर शुरू हो जाये, प्यार-मोहब्बत का स्कोप बचे ही नहीं, इसलिए शादी से पहले ही लव वगैरह के फोटू खिंचा लिये जायें, क्या पता बाद में ऐसे मौके दिखे ही नहीं। प्री-वेडिंग शूटिंग चल निकली है। चिंताएं दूसरी भी हैं, कुछ दिनों बाद प्री-वेडिंग किड्स का चलन भी न शुरू हो जाये। तर्क यह दिया जा सकता है कि शादी के बाद ससुराल में बच्चे को पालना मुश्किल रहेगा, तो बच्चा मायके में पैदा हो तो बेहतर। बच्चे स्कूल वगैरह जाने लगें, तो शादी कर ली जाये, कुछ इस तरह का चलन भी शुरू हो ही जायेगा। प्री प्री प्री, सब कुछ पहले ही कर लिया जाये।

इस देश के फोटोग्राफर बहुत चतुर-चालाक हैं। प्री-वेडिंग शूट के धंधे का उन्होंने ही आविष्कार किया है। अभी तो लड़का और लड़की ही प्री-वेडिंग शूटिंग के चक्कर में आते हैं। बहुत जल्दी ही सास और बहू का भी प्री-वेडिंग शूट संभव हो जायेगा। ताने मारती सास और और उससे दोगुनी स्पीड से ताने मारती बहू-ये फोटो भी जल्दी प्री-वेडिंग शूट के हिस्से बन सकते हैं। मुंह फुला कर बैठी सास और चीखती हुई बहू-ये भी प्री-वेडिंग शूट के हिस्से हो सकते हैं।

एक फोटोग्राफर ने मुझे बताया कि शादी से थोड़े समय पहले बंदे और बंदियों की हालत अजब बेवकूफाना होती है, उनसे कुछ भी करवाया जा सकता है। शादी के बाद अक्ल पर पड़े ताले खुलने शुरू हो जाते, तब फोटोबाजी के तमाम चोंचलों पर उनसे खर्च न कराया जा सकता।

# भाजपा मंडल गोहरापदर की मासिक बैठक सह होली मिलन समारोह में बूथ स्तर पर पार्टी को सशक्त करने बनी रणनीति

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

गोहरापदर भारतीय जनता पार्टी मंडल गोहरापदर की मासिक बैठक एवं होली मिलन समारोह कार्यक्रम मे आगामी कार्यक्रमों बूथ सशक्तिकरण एवं मोर आवास मोर अधिकार को लेकर विधानसभा घेराव मे लाभार्थीयों एवं कार्यकर्ताओं की रायपुर पहुंचने हुई चर्चा पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन सिंह मांझी ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि बूथ सशक्तिकरण अभियान पार्टी को निचले स्तर पर और अधिक मज़बूत करने का कार्यक्रम हैं,बीते दिनों बूथ पर हुए कार्यक्रमों से कार्यकर्ता काफी उत्साह में हैं इस उत्साह को बरकरार रखने हर वक्त बूथ स्तर पर संगठन का कार्य संचालित किए जा रहे हैं।इस कार्यक्रम में प्रत्येक दिन अपने शक्तिकेंद्र के विभिन्न बूथों में जाकर जनता और कार्यकर्ताओं से रूबरू होना हैं।पूर्ण निष्ठा के साथ सभी कार्यक्रमों को संपन्न कराने एवं जनता की समस्याओं को उठाने की आप सभी कार्यकर्ताओं से अपेक्षा है।क्योंकि प्रदेश की जनता त्रस्त है और सरकार बदलने का मन बना चुकी है। मंडल अध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी ने कार्यकर्ताओं को होली की बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ की जनता के लिए आबँटित मकानो में रोक लगाते हुए प्रदेश सरकार आवास निर्माण के राज्यांश को ना देकर गरीब जनता का हक़ मारने का काम



कर रही हैं जिसके विरोध में 15 मार्च को विधानसभा का घेराव किया जाना है जिसमें आवास के लाभार्थियों एवं कार्यकर्ताओं उपस्थित होने की अपील की साथ ही बूथ सशक्तिकरण हेतु 17 मार्च से 27 मार्च तक बूथ सशक्तिकरण कार्यक्रम एवं महामहिम राष्ट्पति के अभिभाषण को इन कार्यक्रमों के शुभारंभ में ही ग्रामीणों के मध्य पहुँचाने के साथ प्रदेश संगठन एवं जिला संगठन द्वारा प्राप्त दिशा निर्देशों को साझा किया।

सभी कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर मिठाई खिलाकर होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। बैठक में प्रमुख रूप से किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री बोधनराम नायक, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला महामंत्री श्री जयराम साहू, सांसद प्रतिनिधि श्री खगेश्वर नायक,उपाध्यक्ष महेन्द्रप्रताप ध्रुवा, महामंत्री व्दय तानसिंह मांझी, मोहित यादव कोषाध्यक्ष शोभित राम ध्रुवा, किसान मोर्चा अध्यक्ष जय अवस्थी पि.व.मोर्चा अध्यक्ष लंबोदर साहू,अजा मोर्चा अध्यक्ष दीपचंद कश्यप, युवा मोर्चा महामंत्री कीर्तनराम यादव, अजजा मोर्चा महामंत्री दुबेराम ध्रुवा, महेंद्र कुमार सोमवंशी,राजकुमार अग्रवाल,लयसिंह नागेश,टेलुराम कश्यप अर्जुन सिंह पोर्ते, इंदर राम मांझी भुनेश्वर मांझी, तरन सिंह ध्रुव, मनबोध मांझी, अनिल अग्रवाल,चंद्रप्रकाश साहू,डमरूधर यादव,मोहन नागेश,टीकम सिंह यादव,दिनेश मरकाम,भरत मिश्रा,धोबलेश्वर वैष्णव राजकुमार सिन्हा,परमेश्वर यादव,नोहरलाल मांझी, देवनाथ नागेश,दुर्गा प्रसाद मिश्रा,मनोहर ताम्रकार,गौरीशंकर यादव,देवराम बघेल,पुलस्त साहू,शेखरचंद साहू,पदमन नागेश,प्रेमसिंह यादव,सेवकराम पांड़े,सुपेतकुमार यादव,दुखुराम मांझी,मकनंद यादव,परसराम कश्यप सोबनराम,तुलसी सेन, रोहित नागेश सहित कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला प्रभारी, सहप्रभारी ने ली बैठक

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**गरियाबंद।** भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला गरियाबंद में भाजयुमो जिला प्रभारी सुरेंद्र साहू,सह प्रभारी अजय नायक,आकाश पांडेय जी का प्रथम आगमन हुआ युवा मोर्चा के साथियों द्वारा जोरदार स्वागत किये तथा स्मृति चिन्ह एवं गमछा भेंट किया कामकाजी बैठक में जिले के भाजपा जिला महामंत्री अनिल चन्द्राकर जी उपस्थित रहे मोर आवास मोर अधिकार को लेकर घर घर तक जाने निमंत्रण देने मंडल बैठक तथा 15 मार्च को विधान सभा घेराव करने में युवाओं की सक्रिय भूमिका रखने का दिया निर्देश इस अवसर पर विधानसभा घेराव का पोस्टर अनावरण किये तथा 15 मार्च को रायपुर चलो रायपुर चलो विधानसभा घेराव के लिए आह्वाहन का दीवाल लेखन कार्य किया ।



बैठक में भाजयुमो जिला प्रभारी सुरेंद्र साहू ने अपने उद्बोधन में युवा मोर्चा को सक्रिय होकर काम करने के लिए निवेदन किये साथ ही मंडल बैठक के लिए प्रभारी का नियुक्ति कर बैठक 13 मार्च तक संपन्न करने के लिए कहा सह प्रभारी अजय नायक द्वारा युवा मोर्चा को संबोधित करते हुए 15 मार्च के विधानसभा घेराव में प्रत्येक बूथ से उपस्थिति को मजबूत बनाने के लिए कहा गया वही सहप्रभारी आकाश पांडेय द्वारा उपस्थिति ली गयी एवं कमजोर संख्या के लिए सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति के लिए जोर दिया गया भाजयुमो जिलाध्यक्ष डॉ योगीराज माखन कश्यप ने अपने उद्बोधन में युवा साथियों से सक्रिय होकर काम करने के लिए निवेदन किया तथा संत यात्रा में भी युवा मोर्चा की भूमिका हो इस दृष्टि से भी सबकी उपस्थिति के लिए बात रखी इस बैठक में प्रदेश कार्य समिति सदस्य वीरेंद्र साहू,नंदनी नेताम भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष रिकेश साहू,आशीष साहू,तोरण सागर जिला महामंत्री युगल समदरिया,जिला मंत्री प्रतीक तिवारी,प्रेमलाल तोडर कोषाध्यक्ष वंश सिन्हा दीपक साहू लीलेश डोंगरे,मनीष साहू,आकाश राजपूत संजू निर्मलकर,मंडल अध्यक्ष गोलू साहू गुलशन सिन्हा महेश कश्यप,मनोज निर्मलकर,गौतम शर्मा,दीपक मनीष साहू,सौरभ महोबिया सागर एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।



# विशेष पिछड़ी कमार जनजाति के बालक की भविष्य खतरे में

### पढ़ाई की उम्र में अपने दादाजी का जिम्मेदारी उठा रहे हैं बालक, अभी तक शिक्षा,स्वास्थ्य, बिजली यह सुविधा नहीं पहुंचा विशेष पिछड़ी कमार जनजाति के गरीब परिवार तक

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

गरियाबंद। जिला मुख्यालय से लगभग 11 किलोमीटर दूरी से लगे ग्राम पंचायत जोबा के आश्रित ग्राम बोहारडीही के विशेष पिछड़ी कमार जनजाति के बुजुर्ग सुनाराम कमार जिस की स्थिति चलने की नहीं है, वे जमीन घसीटते हुए चलते हैं। आज तक शासन-प्रशासन इनके पास नहीं पहुंचे हैं। शासन-प्रशासन की कई महत्वपूर्ण योजनाएं राज्य व जिले में संचालित है। लेकिन इस बुजुर्ग को अभी तक इसकी जानकारी नहीं, क्योंकि इन तक कोई भी सरकारी अमला इनके पास दस्तक नहीं दी हैं। बुजुर्ग लोगों की स्वास्थ्य संबंधित विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए बुजुर्गों के लिए अनेकों योजनाएं संचालित है लेकिन इसका लाभ सुनाराम कमार के नसीब में नहीं हैं लगता है। वे अपने घर में अपने 12 वर्षीय नाबालिक पोते (संतन कमार )के साथ अंधेरा घर में रहता है । संतन कमार के माता-पिता नहीं है, इस कारण वे दोनो परिवार रहते हैं। छत्तीसगढ़ राज्य सरकार की ओर से दी जाने वाली पेंशन भी प्राप्त नहीं हो रहा है। शासन प्रशासन ने बुजुर्गों के लिए कई योजनाएं तथा नीतियां शुरू की है लेकिन सिर्फ कागजों पर। भारत देश में 6 से 14 वर्ष के हर बच्चे को निशुल्क और अनिवार्य शिक्षा देना है। सरकार की शिक्षा का अधिकार से वंचित विशेष पिछड़ी कमार जनजाति के गरीब बेटा संतन कमार। संविधान (86 संशोधन) अधिनियम शिक्षा के अधिकार के माध्यम से एक मौलिक अधिकार के रूप में पहचाना जाता है। इस अधिकार के अनुसार 6 से 14 वर्ष की आयु के सभी बच्चे को मुक्ता और अनिवार्य शिक्षा प्रदान करना है। गरियाबंद के समाजसेवी मनोज पटेल ने बताया कि शिक्षा बच्चों का जन्म सिद्ध अधिकार है, और इस देश के हर बच्चे को हैं। बच्चे किसी भी राष्ट्र के सर्वोच्च संपत्ति है। वे संभावित मानव संसाधन हैं। शिक्षा एक आदमी के जीवन में महत्वपूर्ण है। आज शिक्षा संदेह के एक कण के बिना अधूरा है, और एक आदमी के अकार शून्य व अंधकार में है, शिक्षा के बिना। किसी के जीवन और शैली को बदलने के लिए शिक्षा बेहद जरूरी है। वहा पहुंचे समाजसेवी मनोज पटेल व रेखराम ध्रुव ने ऐसे गरीब परिवारों की मदद करने अपील किया।

# शराब पीने हेतु पैसे नहीं देने पत्नी की कर दी हत्या

### पति ने गमछा से नाक/मुंह दबाकर किया हत्या, सिटी कोतवाली गरियाबंद एवं एफएसएल युनिट रायपुर व स्पेशल टीम के सदस्यों ने मिलकर सुलझाया अंधे कत्ल की गुत्थी

**पुस्पंजलि टुडे संवाददाता हेमचंद नागेश**

गरियाबंद। मामला थाना सिटी कोतवाली गरियाबंद क्षेत्रान्तर्गत ग्राम केशोडार का है। जहां कल दिनांक 15.03.2023 को परसन कमार के सुने मकान से लगे हैण्ड पम्प में पानी भरने गये ग्रामिण महिलाओं को तेज दुर्गन्ध आने पर ग्राम प्रमुखों को बताया गया जिनके द्वारा जाकर देखने पर एक अज्ञात महिला का शव सड़े-गले हालत में होने की सूचना थाना सिटी कोतवाली गरियबांद को दी गई जिस पर मर्ग क्रमांक 20/203 धारा 174 दं0प्र0सं0 कायम किया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए जिला गरियाबंद के उप पुलिस महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम काम्बले के दिशा-निर्देश व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चन्द्रेश सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस गरियाबंद पुष्पेन्द्र नायक के पर्यवेक्षण में सिटी कोतवाली गरियाबंद तथा स्पेशल टीम घटना स्थल के लिए रवाना हुए । घटना स्थल संदिग्ध प्रतीत होने के कारण एफ एस एल यूनिट रायपुर को सूचित कर कोतवाली पुलिस के साथ विशेष टीम बना कर घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण व शव निरीक्षण/पंचनामा कार्यवाही किया गया। शव पंचनामा कार्यवाही में आस पास के ग्रामीणों के द्वारा मृतिका की पहचान परसन सोरी की पत्नी



सोनकुमारी कमार के रूप में की गई। जिसके बाद शव का पी.एम. जिला अस्पताल गरियाबंद में कराया गया। फॉरेंसिक एक्सपर्ट के अभिमत एवं पी.एम. रिपोर्ट के आधार पर मृतिका सोनकुमारी की मृत्यु नाक व मुंह को दबा कर हत्या करना पाया गया। जिसके आधार पर कोतवाली गरियाबंद में धारा 302आईपीसी का अपराध पंजीबद्ध किया गया। विशेष टीम के द्वारा आस-पास के लोगों से तथा मृतिका के पति परसन सोरी से पुछताछ किया गया। पुछताछ दौरान परसन सोरी द्वारा गोल-मोल जवाब देकर पुलिस को गुमराह करने तथा बार बार अपने बयान बदलने के करण शक और गहरा होता गया। परसन सोरी को हिरासत में लेकर कड़ाई से पुछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया औंर बताया कि दिनांक 12-13 मार्च के दरम्यानी रात्रि में सोनकुमारी कमार के साथ शराब पीने के लिए पैसे मांगने की बात को लेकर विवाद हुआ था इसी विवाद के चलते पास में रखे गमछा से पत्नी सोन कुमारी का नाक मुंह को जोर से दबाकर हत्या कर दिया औंर हत्या के बाद शव को वहीं छोड़कर भाग गया। आरोपी के द्वारा घटना में प्रयुक्त गमछा को पेश करने पर गवाहों के समक्ष जप्त किया गया। आरोपी परसन सोरी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय भेजा गया। मामले को सुलझाने में एफ एस एल यूनिट रायपुर, स्पेशल टीम व कोतवाली पुलिस गरियाबंद की विशेष भूमिका रही। गिरफ्तार आरोपी परसन सोरी पिता देशी राम सोरी उम्र 22 साल निवासी ग्राम केशोडार थाना व जिला गरियाबंद।

# संत आशारामजी आश्रम ट्रस्ट, बेंगलुरु द्वारा हुई गौ-ग्रास सेवा

**पुष्पाजंली टुडे**



**बेंगलुरु।** संत आशारामजी आश्रम ट्रस्ट की तरड़ से प्रति पूर्णिमा की गौग्रास सेवा के संकल्प हेतु इस फाल्गुन पूर्णिमा पर कुद्दलु गेट, बेगुर हुबली में स्थित माँ भगवती गौशाला में सेवा हुई। सेवा के प्रारंभ में सभी ने गौमाताओं को गंध-धूप, पुष्पादि से वैदिक मंत्रोच्चार द्वारा पूजा-अर्चना आदि की। गौ माताओं का पूजन, गौ-आरती, परिक्रमा, दान-पुण्य आदि कर सभी साधकों ने गौ-प्रदक्षिणा की एवं उनकी चरण रज को माथे पर धारण किया, चूँकि गौमाता हम सभी की सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक समरसता और आस्था की प्रतीक हैं। अतः मान्यता है की- जो गोपालन, गो-सेवा व गो-रक्षा का प्रण लेता है उसका जीवन धन्य हो जाता है और जीवन की हर मनोकामना पूरी होती है। हमारी भारतीय संस्कृति और धर्म में गौमाता को विशेष महत्व दिया गया है। गौं को हमारी संस्कृति में पवित्र माना जाता है और हमारे देश के संस्कारों में गौं का सम्मान किया जाता है। हालांकि, हमारे देश में गौमाता के स्वास्थ्य और सुरक्षा में अहम समस्याएं हैं। गौमाता को बेहद ही कठिन शरीरी मुद्दों से सामना पड़ता है इसलिए, गौ सेवा एक ऐसा अभियान है- जो गौमाता के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए होता है। पूज्य संत श्री आशारामजी बापू अपने सत्संग वचनामृत में बताते हैं की-÷जीवन में गीता और गाय का जितना आदर करेंगे उतने स्वस्थ, समतावान और आत्मवान बन जायेंगे। बच्चों को देशी गाय का दूध पिलाओ, गाय पालो, गायों की सेवा करो। जैसे वृद्ध माँ की सेवा करते हैं ऐसे बूढ़ी गायों की भी सेवा करो, इससे आपको कोई घाटा नहीं पड़ेगा । तो आप लोग गोदुग्ध से, गौ-गोबर से, गोमूत्र से स्वास्थ्य- लाभ उठाइये, कसाईखाने में गाय जाय उसकी अपेक्षा गाय पालना शुरू कर दो गाय जहाँ बँधती है, उधर टी.बी और दमे के कीटाणु नहीं पनपते हैं। आपके घर-मोहल्ले में गाय का जरा चक्कर लगवा दो तो भूत-प्रेत, डाकिनी शाकिनी की बाधा दूर हो जाती है; ऐसा कहा गया है।

# जिला डाक घर पोस्ट ऑफिस पर जिला कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने लाडली बहना योजना के बारे में दी जानकारी

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

भिंड। स्थानीय प्रधान डाकघर भिण्ड में कलेक्टर डॉक्टर सतीश कुमार एस. द्वारा लाडली बहना योजना के अंतर्गत इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के खाते को उपयोगी बताया और भिण्ड जिले में इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के फैले वृहद नेटवर्क के द्वारा लाडली बहना योजना के अंतर्गत बहनों के ज्यादा से ज्यादा डीबीटी इनेबल्ड खाते खोलकर उनको योजना का लाभ दिलवाने का आव्हान किया। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस. द्वारा हितग्राहियों को पेपरलेस बैंकिंग के क्यूआर कार्ड वितरण कर उनका उत्साहवर्धन किया गया तथा ग्रामीण क्षेत्रों में उत्कृष्ट बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने वाले 2 कर्मचारियों को रेफ्रिजरेटर देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर व्ही पी राठौर अधीक्षक डाकघर मुरैना तथा जिले के अन्य अधिकारी, बैंक मैनेजर, पोस्ट मास्टर, लाडली बहना योजना के हितग्राही इत्यादि उपस्थित रहे।



# भाजपा मंडल गोहरापदर से मोर आवास मोर अधिकार विधानसभा घेराव में सैकड़ों कार्यकर्ता हुए शामिल

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

गोहरापदर भाजपा छत्तीससगढ़ अब पूरी तरह चुनावी मोड में आ चुकी हैं दरअसल प्रदेश कांग्रेस सरकार व्दारा प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माण नही कराये जाने को लेकर भाजपा कार्यकर्ता जिला एवं मंडल स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम कर रहे थे,इसी तारतम्य में आज भाजपा छत्तीसगढ़ प्रदेश संगठन द्वारा 15 मार्च को विधानसभा घेराव किया गया जिसमें पूरे प्रदेश के हर कोने से हज़ारों भाजपा कार्यकर्ता एवं प्रधानमंत्री आवास के वंचित लाभार्थी शामिल हुए।घेराव कार्यक्रम मे भाजपा मंडल गोहरापदर से पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन सिंह माँझी एवं मंडल अध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी के नेतृत्व सौ से अधिक कार्यकर्ता एवं आवास योजना के वंचित लाभार्थी शामिल हुए। मंडल अध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी ने बताया की बीते एक सप्ताह से सभी पदाधिकारी अपने मंडल स्तर पर तैयारियों में जुटे हुए थे.बूथ स्तर पर आवास योजना के वंचितों को कार्यक्रम में ले जाने की तैयारी की गई थी जिसमें आज भाजपा मंडल गोहरापदर से 15 चार पहिया वाहनो में लगभग 120 से अधिक लोग इस प्रदेशव्यापी घेराव कार्यक्रम में शामिल हुए और प्रदेश की जनविरोधी सरकार के ख़िलाफ़ जंगी प्रदर्शन में शामिल हुए। कार्यक्रम में भाजपा मंडल गोहरापदर से अजजा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हलमन सिंह ध्रुवा,जिला महामंत्री पुनितराम सिन्हा, भाजयुमों जिलाध्यक्ष योगीराज कश्यप, मंडल महामंत्री तानसिंह मांझी, मोहित यादव, उपाध्यक्ष महेन्द्रप्रताप ध्रुवा, आनंद यादव, कोषाध्यक्ष शोभितराम ध्रुवा, मकरध्वज साहू, चंद्रप्रकाश साहू, अरुण सिन्हा, रुपाधर ध्रुवा, रामदास मानिकपुरी, दीपचंद कश्यप, प्रेमसिंह यादव, राजेन्द्र यादव, देवानंद पाथर, बेनुराम नागेश, गुनेश्वर नागेश, दुबेराम ध्रुवा, गयाराम मांझी, गयाराम नागेश, दीपक मिश्रा, पुरन साहू, गिरधर नागेश, खीरसिंग पुजारी, रुपसिंह मरकाम, गुनसागर यादव, दीपक सागर, धनीराम सिन्हा, हेमराज मांझी, देवीसिंह पटेल, महेंद्र नागेश, अशोक ठेला, आसकुमार साहू, लीलाराम यदु, दुखुराम पटेल, पुनितराम साहू, अंगद नागेश सहित कार्यकर्तागण शामिल हुये।








# श्रीलंका के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला में विलियमसन, साउदी को जगह नहीं

### आईपीएल टीमों से जुड़ेंगे

**वेलिंगटन।** केन विलियमसन और टिम साउदी सहित न्यूजीलैंड के चार खिलाडियों को देश के क्रिकेट बोर्ड ने श्रीलंका के खिलाफ सीमित ओवरों की घरेलू श्रृंखला में हिस्सा लिए बिना अपनी संबंधित इंडियन प्रीमियर लीग टीमों में शामिल होने के लिए हरी झंडी दे दी। विलियमसन (गुजरात टाइटन्स), साउदी (कोलकाता नाइट राइडर्स), डेवोन कॉन्वे और मिचेल सेंटनर (दोनों चेन्नई सुपर किंग्स) की चौकड़ी शुक्रवार से यहां श्रीलंका के खिलाफ शुरू होने वाले दूसरे और अंतिम टेस्ट के बाद राष्ट्रीय टीम की जिम्मेदारी से मुक्त हो जायेंगे। उन्हें इससे अपनी आईपीएल फेंचाइजी टीमों से जल्दी




जुडने का मौका मिलेगा। टीम के तीन अन्य खिलाड़ी फिन एलेन (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर), लॉकी फर्ग्यूसन (केकेआर) और ग्लेन फिलिप्स (सनराइजर्स हैदराबाद) 25 मार्च को ऑकलैंड में होने वाले पहले वनडे के बाद भारत के लिए उड़ान भरेंगे। दो मैचों की मौजूदा टेस्ट श्रृंखला के समापन के बाद न्यूजीलैंड की टीम श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय और इतने ही मैचों की टी20 अंतरराष्टीय श्रृंखला खेलेगी। आईपीएल 31 मार्च को अहमदाबाद में मौजूदा चैंपियन गुजरात टाइटन्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच मैच के साथ शुरू होगा। विलियमसन की अनुपस्थिति में न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने वनडे सीरीज के लिए टॉम लाथम को कप्तान बनाया है। 28 मार्च को क्राइस्टचर्च में हेगले ओवल में होने वाले दूसरे वनडे से पहले मार्क चैपमैन, बेन लिस्टर और हेनरी निकोल्स टीम से जुड़ेंगे। सीमित ओवरों की टीम में टॉम ब्लंडेल और विल यंग की वापसी हुई है। टीम में चाड बोवेस और बेन लिस्टर नये चेहरे है। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने कहा, एक कोच के रूप में टीम में नये खिलाडियों के साथ वापसी करने वाले खिलाडियों का होना हमेशा रोमांचक होता है। उन्होंने इस साल भारत में होने वाले वनडे विश्व कप (अक्टूबर-नवंबर) का जिक्र करते हुए कहा, हमें अभी से मई तक सीमित ओवरों के 16 मैच खेलने है ऐसे में कई खिलाडियों को परखने का मौका मिलेगा।

# हम काफी सुधार करने के बावजूद हारे : मेगन शुट

नवी मुंबई, 15 मार्च। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की गेंदबाज मेगन शुट ने महिला प्रीमियर लीग में खराब प्रदर्शन की बात को स्वीकार करते हुए कहा कि उनकी टीम ने पिछले मैच में काफी सुधार की लेकिन यह जीत दर्ज करने के लिए पर्याप्त नहीं था। आरसीबी को सोमवार को यहां डीवाई पाटिल स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के हाथों छह विकेट से शिकस्त मिली। टीम की यह पांच मैचों में पांचवीं हार थी। शुट ने मैच के बाद कहा, हाँ, इससे निराशा होती है, मैं झूठ नहीं बोलूंगी। हमने आज कई क्षेत्रों में सुधार किया और काफी जज्बा दिखाया। यह कुछ ऐसा था जिसे हमने पिछले मैचों में नहीं किया था। आरसीबी ने एलिस पैरी (नाबाद 67) की अर्धशतकीय



पारी के दम पर चार विकेट पर 150 रन बनाए थे। दिल्ली कैपिटल्स ने दो गेंद शेष रहते चार विकेट पर 151 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। शुट ने मैच में चार ओवर में 24 रन देकर एक सफलता हासिल की। उन्होंने कहा कि मारिजान केप (चार ओवर में 17 रन) के नेतृत्व में दिल्ली के गेंदबाजों ने कसी हुई गेंदबाजी की। उन्होंने कहा, हमारे लिए टॉस गंवाना अच्छा नहीं रहा। मैच से पहले अभ्यास के दौरान मैंने कहा था कि पिच सपाट नहीं है। ऑस्ट्रेलिया की इस तेज गेंदबाज ने कहा, मैच की शुरुआत में यह कठिन विकेट था। केप एक विश्व स्तरीय गेंदबाज हैं , उनकी टीम में कुछ और अच्छे गेंदबाज है।

उन्हें शानदार गेंदबाजी का श्रेय दिया जाना चाहिये। हम गेंद को खाली जगह में खेल कर रन चुराने में विफल रहे और बहुत ज्यादा बिंदी (डॉट) गेंदों ने हमारी मुश्किलें बढ़ा दी। दिल्ली की जीत में बल्ले से योगदान देने वाली एलिस कैप्से ने कहा, यह एक शानदार जीत थी।

# एकदिवसीय श्रृंखला के लिए नहीं लौटेंगे कमिंस, स्मिथ जारी रखेंगे कप्तानी

**अहमदाबाद।** स्टीव स्मिथ भारत के खिलाफ शुक्रवार से शुरू होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया का नेतृत्व करना जारी रखेंगे क्योंकि नियमित कप्तान पैट कमिंस भारत नहीं लौट रहे हैं। बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला के शुरुआती दो टेस्ट के बाद कमिंस मां की बीमारी के कारण स्वदेश लौट गये थे। स्तन कैंसर से जूझने के बाद उनकी मां मारिया का हालांकि पिछले सप्ताह निधन हो गया था। तीन मैचों की इस श्रृंखला का पहला मैच शुक्रवार को मुंबई में खेल जायेगा। ऑस्ट्रेलिया के कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा, पैट (कमिंस) वापस नहीं आ रहा है। उसके घर में जो हुआ वह उससे निपट रहा है। उन्होंने कहा, हमारी संवेदनाएं पैट और उनके परिवार के साथ हैं क्योंकि वे इस दुखद समय से गुजर रहे हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने 15



सदस्यीय टीम में कमिंस के स्थान पर किसी नाम की घोषणा नहीं की है। स्मिथ ने चार मैचों की श्रृंखला के आखिरी दो टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी की थी, जिसमें भारत बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को 2-1 से जीतकर अपने पास बरकरार रखने में सफल रहा। भारत ने पहले दो टेस्ट जीते जबकि इंदौर में तीसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया विजयी रहा। अहमदाबाद का मैच नीरस ड्रॉ पर समाप्त हुआ। तेज गेंदबाज झाय रिचर्डसन के चोटिल होने के बाद नाथन एलिस को टीम में शामिल किया गया है। कोहनी की चोट के कारण आखिरी दो टेस्ट मैच से बाहर होने वाले अनुभवी डेविड वॉर्नर सीमित ओवरों की टीम में वापसी करने के लिए तैयार हैं। तेज गेंदबाजी विभाग में ऑस्ट्रेलिया को कमिंस और रिचर्डसन के अलावा जोश हेजलवुड की भी कमी खलेगी। वह चोटिल होने के कारण टीम में नहीं हैं। एश्टन एगर टेस्ट श्रृंखला के बीच में स्वदेश भेजे जाने के बाद वापस आ गए हैं । वह स्पिन गेंदबाजी में जम्पा का साथ निभा सकते है। श्रृंखला में गंभीर चोटों से उबरने के बाद ग्लेन मैक्सवेल (पैर में फ्रैक्चर) और मिशेल मार्श (टखने की सर्जरी) की वापसी हो रही।

मैकडोनाल्ड ने कहा, हमने संतुलन को ध्यान में रखते हुए टीम को चुना है। हम बल्लेबाजी में गहराई के लिए आठ बल्लेबाजों के साथ उतरने की कोशिश करेंगे। विश्व कप से पहले हम कुछ संयोजनों को आजमाना चाहते है।

# जडेजा से शानदार गुर सीखकर स्वदेश लौटे कुहनेमैन

नयी दिल्ली, 15 मार्च। भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में प्रभावी पदार्पण करने वाले ऑस्ट्रेलिया के उभरते हुए बाएं हाथ के स्पिनर मैथ्यू कुहनेमैन ने कहा है कि उन्हें स्टार ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा से इस कौशल को लेकर %कुछ शानदार गुर' सीखने को मिले हैं। कुहनेमैन ने कहा कि जडेजा ने अपना वादा निभाया और रविवार को अहमदाबाद में चौथा और अंतिम टेस्ट ड्रॉ रहने के साथ भारत के श्रृंखला 2-1 से जीतने के बाद 15 मिनट तक प्रत्येक पहलू पर बात की। कुहनेमैन के हवाले से कहा, संभवत- 15 मिनट तक वह (जडेजा) मुझे कुछ शानदार गुर सिखा रहे थे। हमने हर चीज के बारे में बात की। उन्होंने कहा, उन्होंने अगली बार उपमहाद्वीप में



आने के लिए मुझे कुछ अच्छे टिप्स दिए और साथ ही स्वदेश के लिए भी कुछ गुर सिखाए। क्वीन्सलैंड के इस 26 वर्षीय स्पिनर को लेग स्पिनर मिशेल स्वेपसन के विकल्प के रूप में लाया गया था जो दिल्ली में दूसरे टेस्ट से पूर्व अपने पहले बच्चे के जन्म के लिए स्वदेश लौट गए थे। स्वेपसन के उपलब्ध होने पर इस अनुभवहीन स्पिनर को अक्सर क्वीन्सलैंड की टीम में जगह बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ता है और वह 13 मैच में 34.80 के औसत से 35 विकेट ही ले पाए हैं। लेकिन उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में पदार्पण के दौरान प्रभावित किया जिसके बाद उन्हें भारत दौरे के लिए बुलाया गया और कुहनेमैन ने निराश नहीं करते हुए तीन टेस्ट मैच में नौ विकेट लिए। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया को इंदौर में तीसरा टेस्ट जिताने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए पारी में पहली बार पांच विकेट सहित कुल छह विकेट चटकाए। यह ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी स्पिनर नाथन लियोन थे जिन्होंने अहमदाबाद टेस्ट के बाद कुहनेमैन और जडेजा के बीच बातचीत की व्यवस्था की थी। कुहनेमैन ने कहा, नाथन लियोन ने इसकी व्यवस्था करने में भी मदद की। वह (जडेजा) टॉड (मर्फी), गेज (लियोन) और मेरे से प्रभावित थे इसलिए उनसे यह जानकर वास्तव में अच्छा लगा। उन्होंने कहा, वह बहुत अच्छे थे और किसी भी समय संपर्क करने के लिए कहा। उन्होंने मुझे इंस्टाग्राम पर एक संदेश भी भेजा तो यह बहुत अच्छा था।

### सुषमा वर्मा ने कहा

# डब्ल्यूपीएल में हरमनप्रीत कौर को रोकना मुश्किल

**मुंबई।** गुजरात जाइंट्स की विकेटकीपर बल्लेबाज सुषमा वर्मा ने स्वीकार किया है कि महिला प्रीमियर लीग में भारत और मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर को रोकना मुश्किल हो रहा है।हरमनप्रीत ने मंगलवार को गुजरात जाइंट्स के खिलाफ सात चौके और दो छक्कों से 51 रन की तेजतर्रार पारी खेली जिससे टीम ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 162 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में गुजरात की टीम नौ विकेट पर 107 रन ही बना सकी और उसे 55 रन से हार का सामना करना पड़ा। वर्मा ने कहा कि भले ही गुजरात जाइंट्स ने हरमनप्रीत के खिलाफ अपनी योजनाओं को अच्छी तरह से अंजाम दिया हो लेकिन जब वे फॉर्म में होती हैं तो



उनके जैसी बल्लेबाजों को रोकना मुश्किल होता है। वर्मा ने मैच के बाद मीडिया से कहा, हरमन जैसी बल्लेबाज इतनी अच्छी फॉर्म में हों तो उन्हें रोकना मुश्किल होता है। उन्होंने कहा, उसे कैसी गेंदबाजी करनी है इसकी हमने योजना बनाई थी और मुझे नहीं लगता कि उसे रन बनाना इतना आसान लगा होगा। विकेटों के पीछे से मैं देख सकती थी कि गेंदबाजों ने हरमन के खिलाफ सही जगह पर गेंद फेंकी लेकिन उसने मैदान के छोटे हिस्से का काफी अच्छी तरह इस्तेमाल किया। वर्मा ने कहा, हरमन को अभी रोकना लगभग असंभव है लेकिन यह भी मायने रखता है कि आप अपनी योजनाओं को कितनी अच्छी तरह से अंजाम दे रहे हैं जो मुझे लगा कि आज हमारे मामले में बेहतर था। वर्मा ने कहा कि उनकी टीम शीर्ष क्रम में साझेदारियां बनाने में विफल रही जिसके परिणामस्वरूप मुंबई के खिलाफ दो मैच में दूसरी हार का सामना करना पड़ा। वर्मा को भरोसा है कि गुजरात की बल्लेबाज एकजुट होकर प्रदर्शन कर पाएंगी। उन्होंने कहा, हमारे लिए बाकी के तीन मैच जीतना महत्वपूर्ण है। हमारी बल्लेबाजों ने अभी तक दमदार प्रदर्शन नहीं किया है लेकिन उम्मीद है कि वे बाकी मैचों में चीजों को बदलने में सक्षम होंगी। मुंबई इंडियंस और न्यूजीलैंड की हरफनमौला खिलाड़ी अमेलिया केर ने मैच जिताने वाली पारी के लिए कप्तान हरमनप्रीत की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, वह बहुत अनुभवी है और अपने खेल को जानती है। उसके साथ बल्लेबाजी करने से आप पर से दबाव हट जाता है क्योंकि आप जानते हैं कि आप अधिकतर गेंदों पर रन बनाने जा रहे हैं और साझेदारी बना रहे हैं। नेट स्किवर ब्रंट के बारे में बात करते हुए अमेलिया ने कहा, मुझे लगता है कि वह दुनिया की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी हैं इसलिए मैं उनके प्रदर्शन से हैरान नहीं हूं। बल्लेबाजी हो, गेंदबाजी हो या क्षेत्ररक्षण वह सब कुछ बहुत अच्छे से करती हैं। स्किवर ब्रंट ने 31 गेंद में 36 रन बनाने के अलावा चार ओवर में 21 रन पर तीन विकेट चटकाकर मुंबई की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### आज 146 साल का हुआ टेस्ट क्रिकेट

# सचिन शतक सम्राट, मुरलीधरन हैं विकेट-किंग; जानें इस फॉर्मेट के इंटरेस्टिंग फैक्ट और रिकॉर्ड्स

क्रिकेट का सबसे लंबा और चैलेंजिंग फॉर्मेट टेस्ट क्रिकेट आज पूरे 146 साल का हो गया। 15 मार्च 1877 के दिन इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया की टीमें मेलबर्न क्रिकेट स्टेडियम में पहली बार इंटरनेशनल लेवल पर भिड़ीं। तब से ही इंटरनेशनल क्रिकेट की शुरुआत भी हो गई। भारत ने 1932 में पहली बार टेस्ट मैच खेला और पहली जीत दर्ज करने में 20 साल लगा दिए। 1877 से लेकर 15 मार्च 2023 तक दुनिया भर में 12 देश टेस्ट क्रिकेट खेलने लगे, जिन्होंने अब तक कुल 2499 मैच खेल लिए हैं। 1971 में वनडे और 2004 में टी-20 क्रिकेट का फॉर्मेट भी आ गया। जिसने टेस्ट को और भी इंटरेस्टिंग बना दिया है। टेस्ट



क्रिकेट की 146वीं एनिवर्सरी पर आगे स्टोरी में हम इस फॉर्मेट के टॉप बैटर, बॉलर और ऑलराउंडर जानेंगे। टेस्ट में अब तक 2,499 मुकाबले खेले गए हैं, जिनमें से 1,711 के नतीजे निकले। 2 मैच टाई रहे और 786 मैच ड्रॉ पर खत्म हुए। इंग्लैंड ने सबसे ज्यादा 1,060 मैच खेले, वहीं ऑस्ट्रेलिया ने सबसे ज्यादा 405 जीते हैं। इंग्लैंड ने ही सबसे ज्यादा 318 मुकाबले हारे भी हैं। वहीं,ऑस्ट्रेलिया ने सबसे ज्यादा मैच (2) टाई किए है। पहला मैच साल 1960 में वेस्टइंडीज के खिलाफ ब्रिस्बेन में और दूसरा 1986 में भारत के खिलाफ चेन्नई में।

### मिशन वर्ल्ड कप पर टीम इंडिया

# भारत-ऑस्ट्रेलिया दावेदार; वनडे सीरीज एक-दूजे की वीकनेस-स्ट्रेंथ जानने का मौका

**मुंबई।** भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज जीत ली है। टीम ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भी प्रवेश कर लिया है। अब भारतीय टीम मिशन वनडे वर्ल्ड कप पर है। जो अक्टूबर-नवंबर में भारतीय सरजमीं पर ही खेला जाना है। टीम इंडिया ने आखिरी आखिरी वर्ल्ड कप भी अपनी सरजमीं पर ही जीता था। तब महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने श्रीलंका को 6 विकेट से हराया था। ऐसे में रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम को अपनी तैयारी भी पुख्ता रखनी होगी, क्योंकि भारतीय फैंस की उम्मीदें उस इतिहास को दोहराते देखने की होंगी। राहुल द्रविड़ की कोचिंग वाली भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज से अपने वर्ल्ड कप अभियान का आगाज करेगी। टीम को वर्ल्ड कप से पहले कम से कम 14 वनडे मैच खेलने हैं। इनमें 9 द्विपक्षीय सीरीज के और 5 एशिया कप के मैच होंगे। यदि भारत एशिया कप के फाइनल में पहुंचता है तो एक मैच और बढ़ जाएगा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज का पहला मुकाबला 17 मार्च को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम पर खेला जाएगा। 5 बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया अपने नियमित कप्तान पैट कमिंस के बिना उतर रही है, लेकिन चोट से वापसी कर रहे ग्लेन मैक्सवेल और मिचेल मार्श टीम का हिस्सा होंगे। टीम की अगुआई स्टीव स्मिथ करेंगे।

**जुलाई में वेस्टइंडीज दौरा :** ऑस्ट्रेलिया से सीरीज खेलने के बाद भारतीय टीम जुलाई में वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज खेलने जाएगी। वहां से बोर्ड से सहमति मिलने के बाद भारतीय टीम को सितंबर महीने में पाकिस्तान में एशिया कप खेलना है। एशिया कप के बाद रोहित आर्मी अपने घर में कंगारुओं से 3 मुकाबलों की एक और सीरीज खेलेगी। **मजबूती- भारतीय टीम में स्टार परफॉर्मर्स की**




**भरमार :** भारतीय टीम बैटिंग और बॉलिंग दोनों ही क्षेत्र में दमदार प्रदर्शन के साथ फील्डिंग में भी ठीक प्रदर्शन कर रही है। टीम के टॉप और मिडिल ऑर्डर में रोहित शर्मा, शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर और केएल राहुल जैसे बल्लेबाज हैं। तो लोअर ऑर्डर की कमान हार्दिक पंड्या और रवींद्र जडेजा जैसे ऑलराउंडर के पास है। गेंदबाजी की बात करें, तो घरेलू पिचों पर युजवेंद्र चहल और कुलदीप यादव के साथ अक्षर पटेल भी अच्छा कर रहे हैं। सीमर्स की अगुवाई जसप्रीत बुमराह करेंगे। उनके साथ मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज और शार्दुल ठाकुर जैसे बॉलर्स रहेंगे। पिछले कुछ साल से टीम बड़े मैचों में चोक कर रही है। पिछले दो वर्ल्ड कप से हम टॉप-4 के मुकाबलों में हार कर बाहर हो रहे हैं। ऐसे में रोहित के सामने यह ट्रेंड बदलने की चुनौती होगी। खिलाड़ियों की इंजरी भारतीय टीम के कई बड़े खिलाड़ी इंजरी से जूझ रहे हैं। रोहित की फिटनेस पर भी सवाल उठते रहे हैं। फिलहाल, बुमराह और अय्यर इंजरी में रिहैब प्रक्रिया से गुजर रहे हैं। वहीं, ऋषभ पंत कार दुर्घटना का शिकार हुए हैं। उनके भी खेलने पर संशय है। ऐसे में टीम मैनेजमेंट के सामने अपने खिलाड़ियों को चोट से दूर रखने की चुनौती होगी, क्योंकि वर्ल्ड कप से पहले भारतीय टीम को 14 वनडे मैचों के अलावा द्वक्क भी खेलना है। सही टीम कॉम्बिनेशन की तलाश सिलेक्टर्स के सामने वर्ल्ड कप के लिए सही टीम कॉम्बिनेशन तलाशने की चुनौती भी होगी, क्योंकि इस बार वर्ल्ड कप की मेजबानी हमें ही करनी है। ऐसे में टीम का कॉम्बिनेशन क्या हो इस पर ध्यान देने की जरूरत है।रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, हार्दिक पंड्या, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मोहम्मद शमी, जसप्रीत बुमराह (अगर फिट रहें)। स्टैंड बाय- सूर्यकुमार यादव, वॉशिंगटन सुंदर, ईशान किशन, उमरान मलिक, भुवनेश्वर कुमार, शार्दुल ठाकुर, अक्षर पटेल, संजू सैमसन, प्रसिद्ध कृष्णा, उमरान मलिक। (इन्हीं में से 3 और खिलाड़ियों के 15 प्लेयर्स के स्क्वॉड में जगह बनाने के आसार हैं।) भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का चौथा टेस्ट मैच ड्रॉ रहा। 4 टेस्ट की सीरीज का आखिरी मुकाबला अहमदाबाद में खेला गया। भारत सीरीज में 2-1 से आगे था, ऐसे में आखिरी मैच ड्रॉ रहने पर सीरीज टीम इंडिया ने ही जीती। विराट कोहली ने इस टेस्ट में 364 बॉल पर 186 रन की जबरदस्त पारी खेली। उन्हें इस पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला।




सुनील शेट्टी की एक्शन सीरीज हंटर का ट्रेलर जारी

# अमेजन प्राइम मिनी टीवी पर 22 मार्च होगी होगी रिलीज

बॉलीवुड के बेहतरीन एक्शन हीरो सुनील शेट्टी वर्षों बाद पर्दे पर अपना धांसू अंदाज दिखाने वापस आ रहे हैं। जी हां, बॉलीवुड के अन्ना जल्द ही ओटीटी की दुनिया में अपनी आगामी वेब सीरीज हंटर के साथ धमाल मचाने के लिए बिल्कुल तैयार हैं। सुनील शेट्टी के फैंस इस एक्शन वेब सीरीज के एलान के बाद से ही इसकी पहली झलक का इंजार कर रहे थे। उनका यह इंतजार 14 मार्च को खत्म हो गया है क्योंकि एक्शन पैक्ड थ्रिलर वेब सीरीज हंटर का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसमें सुनील शेट्टी पुलिस वाले के किरदार में धांसू लग रहे हैं। सुनील शेट्टी अपने अच्छे लुक्स और सबसे फिट फिजीक की बदौलत आज भी किसी भी बॉलीवुड स्टार को टक्कर दे सकते हैं। अपनी सुपरहिट कॉमेडी फ्रेंचाइजी फिल्म हेरा फेरी 3 की पुष्टि करने के बाद, सुपरस्टार ने आज अपनी आगामी वेब सीरीज हंटर का ट्रेलर जारी किया। हंटर का ट्रेलर दमदार डायलॉग्स, एक्शन सीक्वेंस और क्लासिक बॉलीवुड गानों के साथ यह सीरीज दर्शकों को एक रोमांचक थ्रिलर का वादा करता है। अमेजन मिनी टीवी पर दस्तक देने जा रही इस सीरीज में सुनील एसीपी विक्रम सिन्हा का किरदार निभा रहे हैं। टीजर में आप देख सकते हैं कि कैसे वह बदमाशों से अकेले ही लोहा लेते नजर आ रहे हैं। वहीं, इस प्रोमो में ईशा देओल और बरखा बिष्ट भी मुख्य भूमिका में नजर आ रहीं हैं।सुनील शेट्टी की यह एक्शन-थ्रिलर वेब सीरीज दर्शकों को मुंबई के अपराध की दुनिया की अंधेरी गलियों में लेकर जाएगी। गुमशुदा महिला की तलाश करने के मिशन पर निकले एसीपी विक्रम यानी सुनील शेट्टी इस दौरान बहुत सी चीजों से होकर गुजरते हैं। कहीं वह अपने अतीत में खोए नजर आते हैं, तो कहीं भविष्य में आने वाले खतरों से निपटने के लिए गुंडों की पिटाई करते नजर आएंगे। ट्रेलर की शुरुआत सुनील शेट्टी के अपने परिवार के पुराने दिनों को याद करने से होता है, जिसके बाद यह सीधे एसीपी विक्रम की अंधेरी दुनिया में गोता लगाता दिखता है। एसीपी विक्रम को किसी अपराध में झूठा फंसाया जाता है, तो उसे एक पुरानी गंदगी को साफ करने का मौका मिलता है और वह मुंबई को साफ करने के मिशन पर निकल पड़ता है।हंटर एक एक्शन थ्रिलर वेब सीरीज है, जो सुनील शेट्टी को एसीपी विक्रम सिन्हा के किरदार में मुंबई के अपराध की दुनिया की अंधेरी गलियों में ले जाती है। एक गुमशुदा महिला को खोजने की कोशिश उसे अपने अतीत और आने वाले कल के बीच उलझा देता है। हंटर के निर्माताओं ने आज अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर इसका ट्रेलर रिलीज किया। अभिनेता ने लिखा, एसीपी विक्रम की दुनिया में आपका स्वागत है। मेरी इस दुनिया में सिर्फ तोडना है, टूटना नहीं! मेरी नई सीरीज हंटर अमेजन प्राइम मिनी टीवी पर देखें 22 मार्च से। सुनील शेट्टी के अलावा, सीरीज में ईशा देओल, राहुल देव, बरखा बिष्ट और करणवीर शर्मा भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। सुनील शेट्टी के वर्कफ्रंट की बात करें तो इस वेब सीरीज के बाद अभिनेता अक्षय कुमार, परेश रावल के साथ अपनी ब्लॉकबस्टर कॉमेडी फिल्म हेरा फेरी के तीसरे पार्ट में नजर आएंगे। फिल्म में बीते दिन ही संजय दत्त की एंट्री भी हुई है, जिससे फैंस के साथ-साथ हेरा फेरी 3 की पूरी स्टार कास्ट भी बहुत खुश है।

# दिलजीत दोसांझ ने पूरी फिल्म चमकीला की शूटिंग



इम्तियाज अली की चमकीला लंबे समय से चर्चा में है। यह फिल्म पंजाबी गायक अमर सिंह चमकीला की बायोपिक होगी। इसमें दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा मुख्य भूमिका में हैं। जहां कुछ दिन पहले परिणीति ने फिल्म की शूटिंग खत्म की है, वहीं अब दिलजीत ने भी चमकीला की शूटिंग पूरी कर ली है। उन्होंने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर साझा कर इस खबर की पुष्टि की है, जिसमें वह इम्तियाज के साथ नजर आ रहे हैं। दिलजीत ने इसके कैप्शन में लिखा, इम्तियाज सर बहुत प्यार। आपने मुझे बहुत कुछ सिखाया है। परिणीति तुमने बहुत अच्छा काम किया है। पूरी टीम ने खूब मेहनत की। परिणीति ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर इम्जियाज और दिलजीत की तारीफ करते हुए लिखा, मेरे पसंदीदा इंसान। सबसे अच्छे लड़के। मेरे साथी। आखिरकार चमकीला की शूटिंग हुई। आपसे बहुत कुछ सिखा है। क्या कमाल का काम किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह फिल्म इसी साल नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। खबरों का कहना है कि इस मूवी में परिणीति अमरजोत कौर का किरदार निभा रही हैं, तो वहीं दिलजीत मूवी में चमकीला का रोल प्ले करने वाले है। ये मूवी पंजाब के मशहूर सिंगर चमकीला और उनकी पत्नि अमरजोत की जिंदगी पर आधारिकत है।



# तू झूठी मैं मक्कार के लिए रणबीर कपूर ने नहीं ली फीस

लव रंजन अपनी फिल्म तू झूठी मैं मक्कार को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म रिलीज के बाद से बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है। इस रोमांटिक-कॉमेडी में पहली बार साथ नजर आई रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर की जोड़ी भी दर्शकों को काफी पसंद आ रही है। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान निर्देशक ने खुलासा किया है कि रणबीर ने फिल्म के लिए उनसे अभी तक अपनी फीस नहीं ली है। रणबीर ने कहा, मुझे पता है कि जब उन्होंने (रंजन) यह फिल्म बनाई, तो कोई छल नहीं किया। उन्होंने अपना जीवन दांव पर लगाया और मैं इसका सम्मान करता हूं। उन्होंने कहा, मैंने सुना है कि फिल्म बनाने के लिए मेरे दादा ने घर, दादी के जेवर गिरवी रखे। मुझे लगता है कि इसमें मजा है कि किसी ने फिल्म के लिए अपनी जान की बाजी लगा दी। फिल्म के लिए ऐसा करना पागलपन जैसा है। इस पर रंजन ने खुलासा किया कि सम्मान दोनों तरफ से होता क्योंकि यह जानने के बाद रणबीर ने फीस नहीं ली। उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता था कि हम इस इंटरव्यू में इतने ईमानदार होंगे, लेकिन अब मैं यह कहूंगा कि रणबीर ने अपनी फीस नहीं ली है। जीवन में एक समय आता है जब आपको किसी को बताना पड़ता है कि मुझे इस चीज की जरूरत है। पिछले चार वर्षों में उन्होंने मुझे निराश नहीं किया। तू झूठी मैं मक्कार की रिलीज को आज 7 दिन हो गए हैं। पहले दिन 15.73 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर शुरुआत करने वाली फिल्म की कमाई अभी तक बढिया हो रही है। रविवार को फिल्म ने 17.08 करोड़ रुपये के साथ अभी तक की सबसे अच्छी कमाई की थी। हालांकि, सोमवार को कारोबार में गिरावट देखने को मिली और 6.05 करोड़ का कारोबार हुआ। फिल्म अब तक 76.29 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही है। तू झूठी मैं मक्कार में रणबीर और श्रद्धा के अलावा डिंपल कपाडिया और बोनी कपूर भी मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म से बोनी ने अपने अभिनय के सफर की शुरुआत की है। फिल्म में अनुभव सिंह बस्सी, मोनिका चौधरी और हसलीन कौर भी दिखाई दिए हैं। बता दें कि फिल्म की कहानी मिक्की और टिन्नी की है, जो पहले प्यार में पड़ जाते हैं और फिर कुछ ही महीनों में एक-दूसरे से छुटकारा पाना चाहते हैं। इस फिल्म के बाद अब श्रद्धा पंकज पराशर की फिल्म चालबाज इन लंदन में दिखाई देंगी। इसके अलावा वह लवली सिंह का भी हिस्सा है। रणबीर की बात करें तो वह एनिमल में रश्मिका मंदाना के साथ नजर आने वाले हैं।

# ब्राउन कलर के आउटफिट में जॉर्जिया एंड्रियानी ने की क्लीवेज फ्लॉन्ट

## तस्वीरों की हॉटनेस देखकर फैंस हुए पानी-पानी




एक्टर सलमान खान के भाई अरबाज की गर्लफ्रेंड बेहद ही हॉट और बोल्ड अंदाज में नजर आ रही हैं। लेटेस्ट तस्वीरों में एक्ट्रेस जॉर्जिया एंड्रियानी अपने बेहद ही सिजलिंग अवतार से फैंस के दिलों को बेताब किए हुए है। उनकी किलर तस्वीरें फैंस की सांसें थामें को मजबूर कर रही हैं। एक्ट्रेस जार्जिया सोशल मीडिया पर अपनी ग्लैमरस और बोल्ड तस्वीरों से पारा हाई किए हुए हैं। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होती हैं। ब्राउन कलर की छोटी सी ड्रेस में एक्ट्रेस जॉर्जिया अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं। उनकी हॉटनेस देखकर किसी का भी पसीना छूट जाए। 33 साल की जॉर्जिया एंड्रियानी अपनी हॉटनेस से फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ाने का हुनर बखूबी जानती हैं। एक्ट्रेस जॉर्जिया की तस्वीरों पर फैंस जमकर प्यार लुटा रहे हैं। साथ ही उनकी तस्वीरों पर बेशुमार लाइक्स और कमेंट्स कर रहे हैं। एक्ट्रेस अपने लुक्स और ड्रेसिंग सेंस से फैंस पर कहर बरपाती रहती हैं। साथ ही अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करना नहीं भूलती हैं। एक्ट्रेस जॉर्जिया आए दिन अरबाज खान से रिलेशनशिप को लेकर चर्चाओं में बनी रहती हैं। वहीं, वो उनकी एक्स वाइफ मलाइका को कड़ी टक्कर देती हुई दिखती हैं। जॉर्जिया एंड्रियानी के कमाल लुक ने फैंस पर अपनी खास छाप छोड़ी है। फैन फॉलोइंग की अगर बात करें तो एक्ट्रेस के इंस्टाग्राम पर 1.5 मिलियन फॉलोवर्स हैं। एक्ट्रेस जॉर्जिया एंड्रियानी अपनी निजी और प्रोफेशनल तस्वीरें फैंस के साथ साझा करती रहती हैं।

# पुनीत राजकुमार की आखिरी फिल्म गंधाडा गुड़ी अमेजन प्राइम वीडियो पर 17 मार्च को देगी दस्तक




कर्नाटक फिल्म इंडस्ट्री के दिग्गज कलाकार पुनीत राजकुमार को भला कौन नहीं जानता. बेशक पुनीत राजकुमार हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी फिल्मों के जरिए हमेशा उनका याद किया जाता है. इस बीच पुनीत के फैंस के लिए एक अच्छी खबर सामने आ रही है. पुनीत राजकुमार की आखिरी फिल्म गंधाड़ा गुड़ी ओटीटी रिलीज के लिए पूरी तरह से तैयार है. ऐसे में हम आपको बताने जा रहे है कि अब गंधाड़ा गुड़ी का ओटीटी पर कब और कहां देख सकते हैं. साल 2021 में 46 साल की उम्र में साउथ सुपरस्टार पुनीत राजकुमार का निधन हो गया था. गंधाड़ा गुड़ी पुनीत राजकुमार की आखिरी फिल्म रही, जिसके उनके निधन के एक साल बाद सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था. सिनेमाघरों में ऑडियंस की ओर से मिले बेशुमार प्यार की बदौलत पुनीत की लास्ट फिल्म गंधाड़ा गुड़ी सुपरहिट साबित हुई. इस बीच अब गंधाड़ा गुड़ी ओटीटी पर धमाल मचाने के लिए तैयार है.रिपोर्ट के मुताबिक गंधाड़ा गुड़ी पुनीत राजकुमार की 48वीं बर्थ एनिवर्सरी के मौके पर ओटीटी पर रिलीज होगी. मशहूर ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर गंधाड़ा गुड़ी की ऑनलाइन स्ट्रीमिंग 17 मार्च को की जाएगी. ऐसे में इस खबर ने पुनीत राजकुमार के फैंस की एक्साइटमेंट को दोगुना कर दिया है. साथ ही फैंस भी अब गंधाड़ा गुड़ी की ओटीटी रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. पुनीत राजकुमार की आखिरी फिल्म गंधाड़ा गुड़ी की कहानी काफी शानदार और धमाकेदार है. इस फिल्म का प्लॉट जंगलों को काटना, जल सरंक्षण, प्लासिटक का उपयोग और वन्य जीवों के जीवन में आने वाली कई समस्याओं को दिखाती है. इस फिल्म में पुनीत राजकुमार के अलावा साउथ सिनेमा कलाकार अमोगवर्ष भी लीड रोल में मौजूद हैं।

# फिल्म गैसलाइट का ट्रेलर रिलीज, मर्डर मिस्ट्री लेकर आई सारा-विक्रांत और चित्रांगदा की तिकड़ी




सारा अली खान दर्शकों के बीच खुद को साबित कर चुकी हैं। वह फिल्म दर फिल्म अपने अभिनय में सुधार ला रही हैं। पिछली फिल्म अतरंगी रे में उनके अभिनय की खूब तारीफ हुई थी। सारा की आने वाली फिल्मों का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। उनकी फिल्म गैसलाइट भी काफी समय से चर्चा में है। यह वही फिल्म है, जिसमें उनके साथ अभिनेता विक्रांत मैसी नजर आने वाले हैं। अब फिल्म का ट्रेलर भी रिलीज हो चुका है। फिल्म में सारा ने मीशा नाम की एक दिव्यांग लड़की का किरदार निभाया है, जो अपने पुश्तैनी घर लौटी है और अपने पिता के अचानक गायब होने से हैरान-परेशान है। वह व्हीलचेयर पर बैठकर अपने पिता की मौत का पता लगा रही है। चित्रांगदा ने मीशा की सौतेली मां रुक्मिणी का किरदार निभाया है। हत्या के पीछे उन्हीं की साजिश लग रही है। विक्रांत उर्फ कपिल मीशा के साथ उसके पिता की हत्या की गुत्थी सुलझाते दिख रहे हैं। सारा ने कुछ दिन पहले ही सोशल मीडिया पर फिल्म गैसलाइट की रिलीज डेट का ऐलान किया था। यह एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन पवन कृपलानी ने किया है। ऐसा पहली बार होगा, जब सारा पर्दे विक्रांत और चित्रांगदा के साथ नजर आएंगी। कुछ दिनों पहले सारा ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया था, जिसमें लोगों ने सारा, विक्रांत और चित्रांगदा की तिकड़ी की खूब तारीफ की थी। बीते दिन फिल्म से कलाकारों की पहली झलक सामने आई। सारा ने भी फिल्म का फर्स्ट लुक प्रशंसकों के साथ साझा किया। इसके साथ उन्होंने लिखा, मर्डर एक, शक कई, शून्य भरोसा। ट्रेलर कल यानी 14 मार्च को आएगा। इस फिल्म में राहुल देव और अक्षय ओबेरॉय भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। सारा और विक्रांत फिल्म में होश उड़ा देने वाले किरदार निभाते दिखेंगे। फिल्म 31 मार्च को डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज होगी। सारा की पिछ्ली फिल्म अतरंगी रे भी 2021 में सीधे हॉटस्टार पर आई थी और फिल्म को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दर्शकों से काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी। गैसलाइट सारा की दूसरी फिल्म है, जो फिर से हॉटस्टार पर स्ट्रीम होने जा रही है। सारा जल्द ही फिल्म ऐ वतन मेरे वतन में नजर आएंगी। वह फिल्म मर्डर मुबारक में काम कर रही हैं। निर्देशक जगन शक्ति की एक फिल्म भी उनके खाते से जुड़ी है, वहीं फिल्म मेट्रो इन दिनों और लक्ष्मण उतेकर की अगली फिल्म में भी सारा अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगी। दूसरी तरफ विक्रांत यार जिगरी, मुंबईकर , सेक्टर 36 और फिर आई हसीन दिलरूबा में नजर आएंगे। चित्रांगदा की अगली फिल्म से जुड़ी अभी कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

# कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री को फिल्म कब्जा के हिट होने की उम्मीद



केजीएफ- चैप्टर 1 और केजीएफ- चैप्टर -2, 777 चार्ली और कंटारा की सफलता का लुत्फ उठाने के बाद, कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री इस हफ्ते कब्जा फिल्म रिलीज करने वाली है और पैन-इंडिया लेवल पर शानदार सफलता की उपलब्धि को दोहराने की उम्मीद कर रही है। मंगलवार शाम को बेंगलुरु में एक मेगा प्री-रिलीज इवेंट आयोजित किया गया, जिसमें फिल्म के स्टारकास्ट उपेंद्र, किच्चा सुदीप और डॉ. शिवराजकुमार सहित अन्य लोग भी शामिल हुए। पूरे भारत में 17 मार्च को रिलीज होने वाली इस फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है। फिल्म की टीम उपेंद्र और लीड एक्ट्रेस श्रेया सरन, डायरेक्टर और प्रॉड्यूसर आर. चंद्रू ने सभी मेट्रो सिटीज में फिल्म के प्रमोशन इवेंट्स में भाग लिया।कब्जा टीम ने दावा किया कि यह प्रोजेक्ट भारतीय सिनेमा में अगला बड़ा हिट साबित होगा। चंद्रू ने कहा कि वह केजीएफ चैप्टर- 2 की बड़ी सफलता देखने के बाद पैन-इंडिया सुपरहिट फिल्म देने के लिए प्रेरित हुए।कब्जा के टीजर और ट्रेलर को काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला।

## ग्वालियर में श्री श्याम गुणगान महोत्सव के दौरान सजेगा बाबा का दरबार

### बाहर से आये कलाकार देंगे बाबा श्याम के भजनों की मनमोहक प्रस्तुति

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे




**ग्वालियर।** ग्वालियर शहर में हारे के सहारे खाटू श्याम बाबा का दरबार 21 मार्च जनवरी 2023 को अचलनाथ शीश महल,चेतकपुरी साइंस कॉलेज के सामने सजने जा रहा है।जिसमे बाहर से आये कलाकार बाबा श्याम के भजनों की मनमोहक प्रस्तुति देंगे। जानकारी के अनुसार कार्यक्रम में जानी मानी भजन गायिका उमा लहरी जी,शीतल पांडे,अतुल पारीक,ऋषिका ठाकुर अपनी मनमोहक प्रस्तुति देंगे व अपनी मधुर आवाज से भक्तो को रिझाएंगे। वहीं बेहतरीन म्यूजिक नरेश म्यूजिकल ग्रुप के द्वारा दिया जाएगा।वहीं कार्यक्रम का लाइव प्रसारण आप सभी लोग मोर पंख क्रिएशन के द्वारा यू ट्यूब पर देख सकेंगे।कार्यक्रम का शुभारंभ शाम ठीक 07-15 बजे से किया जाएगा और प्रभु इच्छा कर जारी रहेगा। आप सभी धर्मप्रेमी बन्धुओ व हारे के सहारे बाबा श्याम के भक्तों से अनुरोध है कि कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पधारकर कार्यक्रम को सफल बनाये।सम्पूर्ण आयोजन में मुख्य भूमिका के रूप में बाबा के बेटे, ग्वालियर हैं।

## छात्रवृत्ति वितरण में बाधा बन रहे नोडल अधिकारियों के खिलाफ होगी कार्रवाई कलेक्टर



**ग्वालियर।** विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के नोडल अधिकारी छात्रवृत्ति वितरण को गंभीरता से लें। यदि नोडल अधिकारी की उदासीनता व लापरवाही की वजह से अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण के विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति रूकी तो संबंधित नोडल अधिकारी जवाबदेह होंगे। ऐसे नोडल अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई प्रस्तावित की जायेगी। इस आशय के निर्देश कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने छात्रवृत्ति की समीक्षा के लिये बुलाई गई नोडल अधिकारियों की बैठक में दिएगुरूवार को यहाँ जिला पंचायत के सभागार में आयोजित हुई बैठक में जीवाजी विश्वविद्यालय एवं राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय सहित जिले के विभिन्न विश्वविद्यालयों से जुड़े महाविद्यालयों के नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर छात्रवृत्ति वितरण की समीक्षा की। उन्होंने कहा नोडल अधिकारी तत्परता के साथ निर्धारित प्रक्रिया के तहत छात्रवृत्ति का अनुमोदन करें, जिससे विद्यार्थियों को तत्परता के साथ छात्रवृत्ति वितरित की जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि समय से छात्रवृत्ति वितरित न करना छात्रों के हितों के साथ अन्याय है, इसे कदापि बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने गुरूवार को महिला एवं बाल विकास विभाग की लाड़ली लक्ष्मी योजना एवं आंगनबाड़ी के माध्यम से माताओं एवं बच्चों को प्रदान की जा रहीं सेवाओं की समीक्षा की। साथ ही मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत ई-केवायसी व बैंक खाते खुलवाने के काम में तेजी लाने पर बल दिया। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास श्री राहुल पाठक सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बैठक में विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों के नोडल अधिकारी, सहायक आयुक्त जनजाति कल्याण एच बी शर्मा व पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

## हर अधिकारी 5 5 महिलाओं की ई-केवायसी कराएँ : कलेक्टर



**ग्वालियर।** सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी कम से कम पाँच महिलाओं के ई-केवायसी अर्थात समग्र आईडी, आधार व मोबाइल फोन नंबर का मिलान कराएँ। साथ ही जिन महिलाओं के बैंक खाते खुलवाने में भी मदद करें, जिससे सभी पात्र महिलाओं को ÷मुख्यमंत्री ला?ली बहना योजना÷ का लाभ मिल सके। यह बात कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने गुरूवार को जिला पंचायत के सभागार में आयोजित हुई विभिन्न विभागों की बैठक में कही। कलेक्टर सिंह ने विभागीय अधिकारियों से कहा कि वे अपने आपको केवल विभागीय योजनाओं से सीमित न रखकर सामाजिक सरोकारों एवं जनहित के कार्यक्रमों से भी जोड़ें। उन्होंने कहा महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई ÷मुख्यमंत्री ला?ली बहना योजना÷ से महिलाओं को लाभान्वित कराने में आप सब भी सहभागी बनें। बैठकों में मौजूद विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने इस पुनीत कार्य में सहयोग का संकल्प लिया। जिला पंचायत के सभागार में कलेक्टर सिंह ने जिला स्वास्थ्य समिति, छात्रवृत्ति के नोडल अधिकारियों, जिला रोगी कल्याण समिति, जन जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण इत्यादि विभागों की बैठकें लेकर योजनाओं की समीक्षा की।

## कान्यकुब्ज ब्राहाम्ण समाज ग्वलियर का होली मिलन 19 को




**ग्वालियर।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के भाईयों और बहनों एवं कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के सभी सम्मानीयजनों का होली मिलन समारोह 19 मार्च रविवार दोपहर 3.30 बजे से मन्दाकिनी गार्डन, एम.एच. चौराहा (मिलेक्ट्री हॉस्पिटल के पास, सिंहपुर रोड) मुरार पर आयोजित किया जा गया है। जिसमे कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के होली मिलन के साथ उत्सव में विभिन्न कार्यक्रम होंगे।

### फार्म हाउस में छिपाकर रखी 185 लीटर अवैध कच्ची शराब सहित तस्कर को किया गिरफ्तार

## जमीन में गड्डा कर गड़ा कर रखे हुए 03 खाली ड्रम व ड्रम से शराब निकालने वाली मशीन की जप्त

**रहीश भैया 7869883786**


पुलिस अधीक्षक ग्वालियर अमित सांघी के निर्देशानुसार ग्वालियर पुलिस द्वारा जिसे के समस्त थाना क्षेत्रों में नशा मुक्ति अभियान के तहत अवैध शराब व मादक पदार्थ के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 16.01.2023 को पुलिस अधीक्षक ग्वालियर को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि थाना घाटीगांव क्षेत्रांर्तगत निर्मल ढाबा के पीछे बने फार्म हाउस में अवैध कच्ची जहरीली शराब बनाई जा रही है। उक्त सूचना पर से पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा अति. पुलिस अधीक्षक शहर-पश्चिम गजेन्द्र वर्धमान को थाना घाटीगांव पुलिस से मुखबिर की सूचना की





तस्दीक कर अवैध शराब का कारोबार करने वालो के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन में एसडीओपी घाटीगांव संतोष कुमार पटेल के कुशल मार्गदर्शन में कार्य करते हुये दिनांक 16.03.2023 को थाना प्रभारी घाटीगांव उनि शैलेन्द्र सिंह के नेतृत्व में घाटीगांव पुलिस की टीम ने मुखबिर के बताये स्थान निर्मल ढाबा के पीछे बने फार्म हाउस पर दबिश दी। दबिश के दौरान पुलिस टीम ने उक्त फार्म से एक संदिग्ध व्यक्ति को धरदबोचा। पक? गये व्यक्ति से पूछताछ करने पर उसने बताया कि वह उक्त फार्म का मालिक है। पक? गये व्यक्ति की निशादेही पर पुलिस टीम द्वारा उसके फार्म से 185 लीटर अवैध कच्ची जहरीली शराब कीमती 20 हजार रूपये, जमीन में दबा कर रखे गये 03 खाली ड्रम एवं ड्रम से शराब निकालने वाली मशीन मिली, जिसे पुलिस द्वारा विधिवत जप्त किया गया। थाना घाटीगांव पुलिस द्वारा मौके से पकड़े गये आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2), 49(क) आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। 185 लीटर अवैध कच्ची जहरीला शराब कीमती 20 हजार रूपये, 03 खाली ड्रम एवं ड्रम से शराब निकालने वाली मशीन।सराहनीय भूमिका - अवैध शराब के विरुद्ध की गयी कार्यवाही में थाना प्रभारी घाटीगांव उनि शैलेन्द्र सिंह, उनि0 राहुल सेंधव, सउनि सुरेश कुमार शर्मा, आर0 दिगंबर जाट, चन्द्रशेखर जाट, हरगोविंद की सराहनीय भूमिका रही।

## ग्वालियर को मिली विकास कार्यों की दो बड़ी-बड़ी सौगातें




**ग्वालियर** 7 ग्वालियर जिले के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग ङ्क 44 से जड़ेरूआ, बेहटा, सूरो, चंदूपुरा, गुठीना व बहादुरपुर तक साड़े 18 किलोमीटर लम्बे सड़क मार्ग के निर्माण के लिये मध्यप्रदेश के बजट में 47 करोड़ 62 लाख रूपए का प्रावधान किया गया है। इसी तरह ग्वालियर शहर के भीतर महारानी लक्ष्मीबाई प्रतिमा से गिरवाई पुलिस चौकी एबी रोड़ (एनएच-46) तक स्वर्ण रेखा नदी पर फोर लेन एलीवेटेड कोरीडोर / फ्लाई ओवर निर्माण (द्वितीय चरण) के लिये बजट में लगभग 886 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) भारत सिंह कुशवाह ने ग्वालियर जिले को विकास कार्यों की दो बड़ी-बड़ी सौगातें देने के लिये मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति ग्वालियरवासियों की ओर से आभार व्यक्त किया है। राज्य मंत्री कुशवाह लम्बे अर्से से जड़ेरूआ, बेहटा, बहादुरपुर मार्ग के निर्माण के लिये प्रयासरत थे। उन्हीं के विशेष प्रयासों से इस साल के बजट में इस सड़क के निर्माण के लिये 47 करोड़ 62 लाख रूपए का प्रावधान किया गया है। यह सौगातें मिलने पर ग्वालियरवासियों में खुशी की लहर है।

## योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लायें: राज्य मंत्री कुशवाह

उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) भारत सिंह कुशवाह ने कहा है कि विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लायें। राज्य मंत्री कुशवाह गुरूवार को विधानसभा परिसर में मध्यप्रदेश राज्य कृषि उद्योग विकास निगम के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे।राज्य मंत्री कुशवाह ने कहा कि वित्तीय वर्ष के अंतिम माह में भी कुछ योजनाओं में लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि कम है। उन्होंने कहा कि अधिकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की वस्तु-स्थिति पर अपना प्रतिवेदन दें। जिन अधिकारियों के उदासीन रवैये के कारण 100 फीसदी लक्ष्य प्राप्त नहीं हुए हैं

## पीजी कॉलेज में "श्री अन्न महोत्सव" अंतर्गत भारतीय ज्ञान परंपरा अनुसार कहानी वाचन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे बालाघाट**

उच्च शिक्षा विभाग म.प्र. शासन भोपाल के निर्देशानुसार शासकीय जटाषंकर त्रिवेदी पी.जी. महाविद्यालय बालाघाट में 16 मार्च को दोपहर 12 से 1.15 बजे के बीच वर्चुअल कक्ष में ''श्री अन्न महोत्सव'' के अंतर्गत भारतीय ज्ञान परंपरा अनुसार कहानी वाचन प्रतियोगिता (पोषण पर आधारित) का सफल आयोजन हुआ। कार्यक्रम में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के कुल 15 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें हर्ष साहू बी.एस.सी तृतीय ने प्रथम, सौरभ सोनी बी.ए. तृतीय ने द्वितीय , दुमेन्द्र



पटले बी.एस.सी प्रथम ने तृतीय, आयुषी गुप्ता बी.एस.सी प्रथम ने तृतीय तथा सौम्या पन्द्रे बी.एस.सी प्रथम वर्ष ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया । इन सभी विद्यार्थियों को कार्यक्रम समिति की ओर से कार्यक्रम उपरांत प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. संतोष कुमार लिल्हारे सहा.प्रा. हिन्दी ने भारतीय लोगों के जीवन में मोटे अनाज की महत्ता एवं आवश्यकता के संबंध में विद्यार्थियों को अवगत कराया । सह-संयोजक श्रीमती अर्चना सोनी सहा.प्रा. प्राणीषास्त्र ने जीवन में पोषण की आवष्यकता एवं स्वस्थ्य जीवन के लिए भारतीय मोटे अनाज की उपयोगिता के बारे में विद्यार्थियो को अपने विचारों से परिचित करवाया। कार्यक्रम समिति के सदस्य तारांचद बड़घैया ने भी पोषण के महत्व पर अपने विचारों से विद्यार्थियों को परिचित करवाया।

## सफाई मित्रो एवं स्वच्छता सहयोगियों का सम्मान एवं उत्साहवर्धन कार्यक्रम में सफाई सुरक्षा सामग्री एवं प्रशस्ती पत्र किया प्रदान

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे बालाघाट**

नगर परिषद् लांजी में स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के तहत शासन के निर्देशानुसार 16 मार्च 2023 को कार्यालय सभा कक्ष में सफाई मित्रो, स्वच्छता सहयोगियों का सम्मान एवं उत्साहवर्धन कार्यक्रम किया गया। जिसमें कचरा कम करने के उपाय, स्वच्छता में सफाई मित्रो की भूमिका, सफाई मित्रों हेतु शासन की योजनाऐं, तथा सेप्टिक टैंक क्लीनिंग से जुड़े सफाई मित्रों, कचरा संग्रहण वाहनों के वाहन चालक व सहयोगीयों को अपनी सुरक्षा कैसे करें इस संदर्भ में विस्तार से बताया



गया एवं स्वास्थ्य सुरक्षा हेतु चर्चा की गई। साथ ही सभी सफाई मित्रो को सफाई सुरक्षा सामग्री वितरण कर प्रशस्ती पत्र प्रदान किये गए। आयोजिज स्वच्छता की पाठशाला कार्यक्रम में मुख्य रूप से नप अध्यक्ष श्रीमती रेखा ताराचंद कालबेले, पार्षद विजय गोस्वामी, दिनेश कचवाहे , किशोर रामटेककर, श्रीमती शिखा गोस्वामी तथा श्रीमती कस्तुरा वाकड़े एवं सेवकराम वाकड़े, मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजीव लोचन कटारे, स्वच्छता नोडल संतोष भार्गव, स्वच्छता सहयोगी उत्तम रामटेक्कर एवं समस्त सफाई मित्र उपस्थित रहे।

## एसपी आशुतोष बागरी की ताबड़तोड़ कार्यवाही से अपराधियों में खौफ किसी भी कीमत पर अपराधी बख्शे नहीं जायेगे...

### मुरैना चोरी का खुलाशा करने पर एसपी व पूरी टीम को समाज सेवियो ने किया सम्मानित...

**केशब पंडित जी अम्बाह...**

**मुरैना।** जिले में पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी को 1 वर्ष कुछ माह हो



चुके है इस दौरान मुरैना में जो भी घटना घटी उसको चौबीस घन्टे में ट्रैस करके अपराधियो को जेल की सालोखो के भीतर भेजने में कोई कमी नही छोडी है मुरैना युवा पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी मिलनसार स्वभाव के अधिकारी है,उनकी कार्य प्रणाली से जनता में बहुत खुशी है आज 16 को मुरैना चोरी का खुलासा होने पर एसपी सहित पूरी टीम को सम्मानित किया है ये मुरैना की जनता के लिये बडी ही गौरब की बात है एसपी आसुतोष बागरी की एक बिषेश खाशियत है कि आमजनता एवं फरियादियों से अच्छे से मिलकर पूरी बात सुनते हैं, वहीं अपराधियों पर पूरी सख्ती बरतने मे कोई कसर नही छोडते है आवेदन कर्ताओं के आवेदनों को लेकर उस पर तुरंत उचित कार्यवाही करने के लिये सम्बंधित अधिकारी को निर्देशित कर समस्या का निराकरण कराते हैं। पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी के नेतृत्व में पुलिस महकमे द्वारा अपराधियों के खिलाफ निरंतर कार्यवाही की जा रही है, रात्रि में विशेष रूप से अलग-अलग स्थानों पर पुलिस गश्त बड़ाये गए हैं। पुलिस अधीक्षक श्री बागरी द्वारा जिलाबदर, स्थाई वारंटी,इनामी बदमाशों और पंजीबद्ध अपराधियों को पकड़ने के लिए कार्यवाई की गई और



लगातार की जा रही है। पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी के एक साल के कार्यकाल में उनके द्वारा की गई कार्यवाही में बड़े पैमाने पर अवैध शराब के ठिकानो पर व अवैध हथियार और हथियारों के तस्करों एवं अवैध शराब और उनके तस्करों,अवैध खनन,जुआरियों, सटोरियों, मिलावट खोरों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्यवाही कर धरपकड़ की गई। एसपी के नेतृत्व में कई फरार वारंटियों, आदतन अपराधियों की भी धरपकड़ की गई और निरंतर कार्यवाही की जा रही है। श्री बागरी द्वारा जिले की बिगड़ी ट्रैफिक व्यवस्था को भी सुधारने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। एसपी उत्कृष्ट कार्य करने पर पुलिसकर्मियों को पुरस्कृत करते हैं पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिस अधिकारी एवं जवानों को सम्मानित कर पुरुस्कृत करते रहते हैं। मरैना में एसपी आशुतोष बागरी के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रायसिह नरबरिया एवं एसडीओपी,सीएसपी,नगर निरीक्षक, थानाध्यक्षों द्वारा कार्रवाई को अंजाम दिया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस जवानों की कई पार्टियां बनाकर नियमित पुलिस गश्त कराया जा रहा है,विशेष रूप से रात्रि में पुलिस गश्त बड़ाया गया है। **एसपी आशुतोष बागरी भी थानों और पुलिस गश्त का करते हैं औचक निरीक्षण**-पुलिस अधीक्षक श्री बागरी ने बताया कि पुलिस द्वारा कोचिंग सेंटर, बैंक,एटीएम, लॉज, धर्मशालाओं,ढाबो,पार्कों को भी लगातार चेक किया जाता रहता है।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478